www.tamsasanket.com
वर्ष: 06 || अंक 61 || लखनऊ
सोमवार
01 जून 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 05:11
सूर्यास्त: 06:57
अधिकतम: 34°00
न्यूनतम: 27°00



पेज 07

विशेष समाचार: नाजुक आर्थिक दौर में संरच... >> पेज 04 | वृंदावन की गलियां श्रद्धालुओं से... >> पेज 06 | तान्या मित्तल को अमीर पति नहीं...

### नेपाली पीएम बोले- सिर्फ भारत ने हमारे इलाके नहीं कब्जाए ■ लिपुलेख पर ब्रिटेन मध्यस्थ बने

# भारतीय जमीन पर कब्जा किया : नेपाल

बालेन शाह इसी साल 5 मार्च को नेपाल के प्रधानमंत्री बने थे। करीब 2 महीने बाद उन्होंने पहली बार संसद को संबोधित किया।

**जवाब**

**■ काठमांडू का मेयर रहते हुए बालेन शाह ने ग्रेटर नेपाल का नक्शा अपने ऑफिस में लगाया था। इसमें हिमाचल के पश्चिमी कांगड़ा से लेकर पश्चिम बंगाल में पूर्वी तीस्ता के एरिया को ग्रेटर नेपाल का हिस्सा बताया गया है।**





तमसा संकेत, एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने रविवार को कहा कि सिर्फ भारत ने ही नेपाली जमीन पर कब्जा नहीं किया, बल्कि नेपाल ने भी कुछ भारतीय इलाकों पर कब्जा किया है।

बालेन पीएम बनने के 2 महीने बाद पहली बार नेपाली संसद को संबोधित कर रहे थे। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, इस दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्हें इस बारे में जानकारी मिली। दोनों देशों को मिलकर इस मामले की जांच करनी चाहिए। भारत-चीन के बीच लिपुलेख और लिम्पियाधुरा मार्ग से होने वाले व्यापार पर शाह ने कहा कि विवाद का समाधान कूटनीतिक बातचीत से निकाला जाएगा। नेपाल इस मुद्दे पर भारत को राजनयिक नोट भेज चुका है और भारत की ओर से जवाब भी मिल चुका है। शाह ने कहा कि लिपुलेख विवाद ब्रिटिश भारत के समय से जुड़ा है। इसलिए नेपाल ने इस मामले पर सिर्फ भारत और चीन ही नहीं, बल्कि ब्रिटेन से भी बातचीत की है।

### पहली बार संसद को संबोधित किया

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने रविवार को नेपाल की संसद को संबोधित किया है। इस साल मार्च में हुए चुनावों के बाद सत्ता संभालने के बाद यह पहला मौका है, जब नेपाल के प्रधानमंत्री शाह ने संसद में अपनी बात रखी है।

दरअसल, विपक्षी दलों के सांसद लगातार मांग कर रहे थे कि प्रधानमंत्री संसद में आकर देश के महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रखें। इसके बाद बालेन शाह ने संसद को संबोधित किया और सांसदों के सवालों के जवाब दिए।

नेपाल में मार्च 2026 में बालेन शाह के प्रधानमंत्री बनने के बाद से भारत और नेपाल के बीच पारंपरिक कूटनीतिक और रणनीतिक संबंधों में काफी बदलाव और असहजता देखी गई है।

# सीबीएसई छात्रों ने की राहुल गांधी से बात

### स्टूडेंट्स ने कहा- हमें आतंकवादी-पाकिस्तानी बुलाया गया

तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने CBSE 12वीं क्लास के छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर छात्रों से बातचीत का 1.30 मिनट का वीडियो पोस्ट किया। कैप्शन में लिखा- जिन साहसी युवाओं ने CBSE और मोदी सरकार से आसान सवाल पूछे, उन्हें जवाब की जगह अपमान मिला।

वीडियो में छात्रों ने राहुल से कहा- आंसर शीट को लेकर सवाल पूछने पर हमें एंटी-नेशनल, डीप स्टेट एजेंट्स (जासूस), आतंकवादी और पाकिस्तानी कहा गया। राहुल ने हंसते हुए कहा- 17 साल के डीप स्टेट एजेंट्स।



**■ राहुल बोले- सवाल पूछने पर जवाबों की जगह अपमान मिला**

राहुल से जिन छात्रों से बात की, उनमें वेदांत भी शामिल थे। वेदांत की एक पोस्ट वायरल हुई थी, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि री-इवैल्यूएशन के दौरान पोर्टल पर उनकी फिजिक्स कॉपी की जगह किसी और की कॉपी अपलोड की गई थी। वेदांत के बाद कई अन्य छात्रों ने भी ऐसी शिकायतें कीं।

**फास्ट न्यूज**

### राजस्थान में फिर रेतीला बवंडर उठा

**राजस्थान।** राजस्थान के जैसलमेर में रविवार शाम को फिर से रेतीला बवंडर उठा। इससे दिन में अंधेरा छा गया। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आसमान में दूर से ही धूल का गुबार उठता दिखाई दिया, जो धीरे-धीरे आगे बढ़ा। इससे पहले शनिवार दोपहर 3 बजे राजस्थान के 5 जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और सीकर में रेतीला तूफान आया था। इसका असर करीब 200 वर्ग किलोमीटर के इलाके में रहा।

### मेट्रो स्टेशन के पास 5 मंजिला इमारत गिरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साकेत इलाके में पांच मंजिला बिल्डिंग गिरने का वीडियो रविवार को सामने आया है। शनिवार शाम हुए इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस और बचाव दलों ने मलबे में दबे 12 लोगों का रेस्क्यू किया, इनमें 10 घायलों को AIIMS के ट्रॉमा सेंटर में एडमिट कराया गया है। 2 लोगों की हालत गंभीर है। दक्षिणी दिल्ली जिले के DCP अनंत मित्तल ने बताया कि जिस जगह मलबा गिरा, वहां मेडिकल स्टूडेंट्स की कैंटीन थी। इसके चलते कई स्टूडेंट्स मलबे में दब गए थे। घायलों को जल्द अस्पताल पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया।

### ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में एसआईआर शुरू

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का तीसरा चरण शुरू कर दिया है। इन राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। निर्वाचन आयोग ने 14 मई को संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रति-निधित्व कानून 1950 की धारा 21 के तहत 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में SIR का आदेश दिया था।

# जनरल सुब्रमणि बने देश के नए सीडीएस

### पाकिस्तान-चीन मामलों के एक्सपर्ट हैं

तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने रविवार को पदभार संभाल लिया। दिल्ली में उन्हें साउथ ब्लॉक लॉन्स में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वे देश के तीसरे CDS हैं। उन्होंने जनरल अनिल चौहान की जगह ली है। जनरल चौहान शनिवार को रिटायर हुए थे।

पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना, रक्षा मंत्रालय और सभी संबंधित संस्थान देश की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एकजुट हैं।



**■ असली टास्क सेना में थिएटर कमांड मॉडल को लागू करना होगा**

उन्होंने कहा, भारतीय सेना में स्वदेशी हथियारों और सैन्य उपकरणों के अपडेशन, उनकी खरीद और इस्तेमाल को तेज किया जाएगा। सेना की ताकत बढ़ाने के लिए नई सोच और नए तरीकों को अपनाया जाएगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

### सूर्या मर्डर केस : मुख्य आरोपी एनकाउंटर में ढेर ■ पिता भी गिरफ्तार, बोला था- बकरीद पर सूर्या की कहानी खत्म कर दो

# एक्शन : असद का एनकाउंटर

**मुठभेड़**

तमसा संकेत, एजेंसी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में 11वीं के छात्र सूर्या चौहान की हत्या का मुख्य आरोपी असद (19) एनकाउंटर में मारा गया। वह शहर छोड़कर भागने की फिराक में था। रविवार तड़के 4 बजे पुलिस ने घेरा तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में असद ढेर हो गया। पुलिस ने शनिवार को ही उस पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। मुठभेड़ शहर के वसुंधरा इलाके में हुई।

बकरीद के दिन (28 मई) 17 साल के सूर्या की हत्या हुई थी। नाबालिग दोस्त के मुताबिक, असद ने फोन करके सूर्या को बुलाया। साथियों के साथ उसे घेर लिया और चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। मारने से पहले उसने सूर्या से पूछा था- क्या कभी बकरा हलाल होते देखा है? आओ, दिखाते हैं। इसका CCTV भी सामने आया था।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ तस्वीर में बाईं ओर असद और दाईं ओर सूर्या है

### सूर्या की मां बोलीं- असद की लाश की फोटो दिखाओ

एनकाउंटर पर सूर्या की मां ने कहा- असद की लाश की फोटो दिखाओ, तभी मानूंगी कि उसका एनकाउंटर हुआ है। बाकी आरोपियों का भी एनकाउंटर होना चाहिए।

>> (शेष पेज 06 पर)

### एनकाउंटर के 12 घंटे बाद असद का पोस्टमॉर्टम

पूर्व भाजपा विधायक संगीत सोम ने कहा कि यह हरकत जिहादी मानसिकता से की गई। पुलिस ने इस तरह की मानसिकता को जड़ से कुचल दिया है। अगर इसे नहीं रोका गया तो देश को पाकिस्तान और लेबनान बनने में देर नहीं लगेगी।

सूर्या के घर हिंदूवादी संगठनों के लोग भी पहुंचे और नारेबाजी की।

>> (शेष पेज 06 पर)

### सूर्या की मां के अकाउंट में 5 लाख ट्रांसफर

गाजियाबाद के डीएम रवींद्र कुमार ने सूर्य की मां के अकाउंट में 5 लाख ट्रांसफर कर दिए हैं। सरकार ने मदद की है।

सूर्या हत्याकांड में 3 आरोपी पकड़े गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में खोड़ा के रहने वाले असद के पिता नवाब (45), फरहान (19) और आतिफ (19) शामिल हैं। तीनों के खिलाफ खोड़ा थाने में केस दर्ज है।

# पूर्णकालिक डीजीपी बने राजीव कृष्ण

### उत्तर प्रदेश को चार साल बाद मिला स्थायी डीजीपी ■ योगी सरकार ने दी मंजूरी

**आदेश**

तमसा संकेत, एजेंसी

**लखनऊ।** चार वर्ष बाद उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक नियुक्त राजीव कृष्णा ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से राजीव कृष्णा ने उनके सरकारी आवास कालीदास मार्ग पर भेंट की।

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा की इस शिष्टाचार भेंट के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनको बधाई देने के साथ शुभकामना भी दी। 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा के पास मई 2025 से कार्यवाहक डीजीपी का चार्ज था। राजीव कृष्णा निदेशक सतर्कता अधिष्ठान भी हैं। मुकुल गोयल के मई 2022 से पद से हटने के बाद अब राजीव कृष्णा यूपी पुलिस के पूर्णकालिक डीजीपी हैं।

राजीव कृष्णा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विश्वसनीय अफसर माना जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संघ लोक सेवा आयोग से भेजे गए पैनल पर शासन स्तर पर गहन मंथन के बाद राजीव कृष्णा के नाम के प्रस्ताव को अपनी अंतिम मंजूरी दी। इस पद के लिए शासन स्तर पर तीन सीनियर आईपीएस अधिकारियों रेणुका मिश्रा (1990 बैच), पियूष आनंद (1990 बैच) और राजीव कृष्ण (1991 बैच) के नामों का एक पैनल तैयार करके भेजा गया था। जिसमें से राजीव कृष्णा के नाम पर मुहर लगी। उन्होंने पुलिस सेवा में विभिन्न पदों पर कार्य किया है और 2024 में पुलिस महानिदेशक के सर्वोच्च रैंक पर पदोन्नत हुए हैं।



■ मुख्यमंत्री योगी से राजीव कृष्णा ने उनके सरकारी आवास पर भेंट की।

*राजीव कृष्णा ने तत्कालीन डीजीपी प्रशांत कुमार के रिटायर होने के बाद कार्यवाहक डीजीपी का पदभार संभाला था. इससे पहले वह डीजी विजिलेंस समेत कई पदों पर जिम्मेदारी निभा चुके हैं.*

राजीव कृष्णा को यूपी एटीएस के आधुनिकीकरण का भी श्रेय है। यूपी में सीरियल ब्लास्ट के बाद जब तत्कालीन मायावती सरकार ने एटीएस बनाने का ऐलान किया तो राजीव कृष्णा को एटीएस का डीआईजी बनाया गया। बतौर डीआईजी एटीएस राजीव कृष्ण ने यूपी एटीएस को आधुनिक संसाधनों और तकनीक से लैस किया।

राजीव कृष्णा की एसपी के रूप में पहली तैनाती फिरोजाबाद जिले में मिली थी। वह 10 मई 1997 को सुहागनगरी के एसपी बनाए गए थे। फिरोजाबाद के बाद वह इटावा, मथुरा, फतेहगढ़, बुलंदशहर, नोएडा और आगरा के एसएसपी रहे।

>> (शेष पेज 06 पर)

# योगी बढ़ते अपराध से नाराज, अफसरों को फटकार लगाई

### 8 जिलों के डीएम-एसपी की मीटिंग

तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** यूपी में हाल के दिनों में बड़ी आपराधिक घटनाओं से सीएम योगी काफी नाराज हैं। शनिवार को योगी ने अचानक ज्यादा अपराध वाले जिलों के अफसरों को तलब किया और उन्हें जमकर फटकार लगाई। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए करीब 40 मिनट तक बैठक चली। मीटिंग में लखनऊ, वाराणसी, गाजियाबाद और नोएडा के कमिश्नर और डीएम मौजूद रहे। इसके अलावा गाजीपुर, जौनपुर, पीलीभीत और बागपत के डीएम और कप्तान भी जुड़े। इन जिलों में पिछले दिनों हत्या की बड़ी वारदातें हुई थीं। सीएम ने लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह की हत्या का संज्ञान लिया और कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक खत्म होते ही सीपी अमरेन्द्र सेंगर ने इंस्पेक्टर विभूति खंड अमर सिंह और इंस्पेक्टर गोमती नगर विस्तार को लाइन हाजिर कर दिया। इसके अलावा, एसीपी विभूति खंड विनय द्विवेदी को हटा दिया। उनकी जगह सौम्या पांडेय को कमान सौंपी है।

>> (शेष पेज 06 पर)



**■ लखनऊ में एसीपी समेत 2 इंस्पेक्टर हटाए गए**

# अभिषेक-कल्याण पर हमले के खिलाफ आज प्रदर्शन

### ममता की बैठक में 80 में 60 विधायक नहीं पहुंचे ■ पार्टी बोली -सभी एमएलए तैयारियों में जुटे

सांसद कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि हुगली में पुलिस स्टेशन के बाहर इखढ समर्थकों ने उन पर हमला किया, जिससे वे घायल हो गए।

**प्रदर्शन**

**■ शनिवार को दक्षिण सोनारपुर में अभिषेक बनर्जी के साथ मारपीट हुई थी। उन पर अंडे और चप्पल भी फेंके गए थे। अभिषेक ने आरोप लगाया कि उनकी हत्या की कोशिश की गई। इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।**



■ ममता बनर्जी रविवार को भतीजे के घर गईं और उनका हाल-चाल जाना।

तमसा संकेत, एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को TMC विधायकों की बैठक बुलाई थी, लेकिन 80 में से सिर्फ 20 विधायक ही पहुंचे। यह बैठक दोपहर 3 बजे कोलकाता के कालीघाट स्थित ममता के आवास पर होनी थी, लेकिन 60 विधायकों के नहीं आने पर बैठक टाल दी गई।

>>(शेष पेज 06 पर)

### इजराइल का लेबनान के 900 साल पुराने किले पर कब्जा

**तेल अवीव।** इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में 900 साल पुराने ब्यूफोर्ट किले और आसपास की पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया है। इजराइली अधिकारियों की ओर से रविवार को जारी तस्वीरों और वीडियो में किले पर इजराइली झंडे लहराते दिखाई दिए। इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि सेना ने आसपास के गांवों में कई दिनों तक चली भीषण लड़ाई और हवाई हमलों के बाद यह कामयाबी हासिल की है। अल जजीरा के मुताबिक पिछले 26 साल में इजराइल की लेबनान में सबसे बड़ी घुसपैठ है।

ब्यूफोर्ट किला 1982 से 2000 तक दक्षिणी लेबनान पर इजराइली कब्जे के दौरान उसकी सेना का एक प्रमुख सैन्य अड्डा था। 700 मीटर ऊंची पहाड़ी पर बने इस किले से दक्षिणी लेबनान के अलावा इजराइल के बड़े हिस्से पर नजर रखी जा सकती है।

### आरोप : नशे में धुत युवकों ने पीटकर ली जान, कांग्रेस ने उठाए कानून व्यवस्था पर सवाल

# अंबेडकरनगर में बाइक टकराने पर विवाद

कृष्ण कुमार दुबे

**तमसा संकेत, जलालपुर, अंबेडकर नगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के लखनिया गांव में बाइक टकराने को लेकर हुए विवाद में नशे में धुत युवकों ने दो लोगों की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। मारपीट में गंभीर रूप से घायल साहिल की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि यासीन का इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार लखनिया गांव के पास सुनील अपने दोस्तों के साथ रास्ते में शराब पी रहा था। उसी दौरान बाइक से आ रहे साहिल, यासीन और एक अन्य युवक की बाइक रास्ते में खड़ी बाइक से टकरा गई। इसी बात को लेकर कहासुनी हुई और सुनील व उसके साथियों ने तीनों की लाठी-डंडों से पिटाई शुरू कर दी।

पिटाई से साहिल और यासीन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान साहिल ने दम तोड़ दिया।

>> (शेष पेज 06 पर)



### पीड़ित परिवार के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष

घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

>>(शेष पेज 06 पर)

### कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

जिलाध्यक्ष ने आगे कहा, "आज जनपद में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि उन्हें कानून का कोई भय नहीं रह गया है। लगातार हो रही आपराधिक घटनाएं साबित करती हैं कि अम्बेडकरनगर की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। अगर दोषियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतरकर जनता की आवाज बुलंद करेगी।"

### परिजनों की मांग

मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग उठाई है।

# आंधी-बारिश में दीवार ढही, छात्र की मौत

**तूफान**

## पेड़ उखड़कर सड़क पर गिरा, जगह-जगह रोड पर पानी भरा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में आंधी-बारिश में रहीमाबाद क्षेत्र में दीवार ढह गई। उसके नीचे दबकर क्लास-3 के छात्र की मौत हो गई। मोहान रोड पर देवपुरी कॉलोनी के पास पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गया। हजरतगंज चौराहा समेत कई जगह सड़कों पर पानी भर गया। हजरतगंज में तेज आंधी की वजह से होर्डिंग फट गई। लखनऊ में दोपहर करीब 3 बजे मौसम बदला। काले बादल छा गए। करीब 40 किलोमीटर के रफ्तार से आंधी चलने लगी। शाम करीब साढ़े 4 बजे हजरतगंज, कैसरबाग, सरोजनी नगर समेत कई इलाकों में तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने रात में भी गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। लोगों को पेड़-खंभे और होर्डिंग के



नीचे नहीं खड़े होने की सलाह दी है। इसके पहले सुबह मौसम साफ रहा। अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहने की संभावना है। शनिवार को अधिकतम तापमान तापमान 34.0 डिग्री रहा। यह सामान्य से 6.1 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सामान्य से 1 डिग्री कम दर्द किया गया। अधिकतम आर्द्रता 79 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 47 फीसदी रही। दीवार के मलबे में दबने से अनमोल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद उसे मलबे से बाहर निकाला।

- तेज आंधी की वजह से बाइक सवारों का बैलेंस बिगड़ने लगा। वे सड़क के किनारे रूक गए।
- आंधी-बारिश के बीच मोहान रोड पर पेड़ उखड़कर गिर गया।

### मोहान रोड पर विशाल पेड़ उखड़कर गिर गया

मोहन रोड पर देवपुरी कॉलोनी के पास विशाल पेड़ उखड़कर गिर गया। गनीमत रही कि कोई राहगीर पेड़ की चपेट में नहीं आया। वरना बड़ा हादसा हो जाता। पेड़ गिरने से लखनऊ-मोहान रोड पर वाहनों की आवाजाही रूक गई। यातायात पुलिस ने लोगों से वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की अपील की।

### हजरतगंज चौराहे पर पानी भरने से वाहनों की रफ्तार धीमी हुई

हजरतगंज चौराहे पर तेज बारिश से सड़क पर पानी भर गया है। जलभराव के कारण गुजरने वाले वाहनों के पहियों से पानी की ऊंची बौछारें उठ रही हैं, जिससे राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहन धीमी गति से चलते नजर आए।

आनन-फानन में अनमोल को माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



### दीवार गिरने से 10 साल के छात्र की मौत

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गोपालपुर मजरा इशूखेड़ा निवासी सुरेश का 10 वर्षीय बेटा अनमोल घर के बाहर बारिश में नहाने निकला था। इसी दौरान वह आरसीसी सड़क किनारे बारिश का आनंद ले रहा था। बताया जा रहा है कि तेज आंधी और बारिश के चलते उसके घर के बाहर बनी एक छोटी दीवार अचानक भरभराकर उसके ऊपर गिर गई।

# जोमैटो डिलीवरी बॉय दंपत्ति और बेटी को पीटा

## कहासुनी के बाद लेकर आया 15-20 लोगो, युवती का सिर फटा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र में एक युवती ने जोमैटो डिलीवरी बॉय और उसके साथियों पर घर के बाहर आकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। हरदोई जिले की रहने वाली अंजली कन्नौजिया गोमतीनगर के विकल्पखंड स्थित मकान में परिवार के साथ रह रही हैं। अंजली के मुताबिक 30 मई की सुबह करीब 8:30 बजे वह अपने पिता मनोज कुमार के साथ घर के बाहर खड़ी थीं। इसी दौरान कुछ युवक, जो जोमैटो में काम करते हैं, वहां खड़े होकर नशा कर रहे थे। पिता ने इसका विरोध किया तो युवकों ने गाली-गलौज और हाथापाई शुरू कर दी। आरोप है कि एक युवक सूरज, जो यूपी-32 जेसी-1871 नंबर की



बाइक से ऑर्डर डिलीवरी करने आया था, वहां से चला गया और करीब 15 से 20 मिनट बाद 15-20 साथियों के साथ वापस पहुंचा। इसके बाद आरोपियों ने अंजली के पिता मनोज कुमार और मां रेनू के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची अंजली भी हमले की चपेट में आ गई। मारपीट में उनके सिर पर गंभीर चोट लगी और सिर फट गया। आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने चिनहट थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है।

**फास्ट न्यूज**

### 11वीं के छात्र की सड़क हादसे में मौत

लखनऊ। लखनऊ के इंदिरानगर थाना क्षेत्र में शनिवार रात सड़क हादसे में 11वीं के छात्र की मौत हो गई। उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रात करीब 10 बजे सेक्टर-25 इलाके में हुआ। कल्याणपुर निवासी अनास अपनी यामाहा R 1-5 स्पोर्ट्स बाइक से मौसेरे भाई अयान के साथ मुंशी पुलिया की ओर जा रहा था। इसी दौरान सेक्टर-25 के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

### पत्नी से विवाद के बाद पति ने लगाई फांसी

लखनऊ। लखनऊ में बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में पत्नी से विवाद के बाद एक युवक ने दुपट्टे के सहारे फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान प्रदीप कुमार (30) पुत्र गिरधारी लाल निवासी छठा मील के रूप में हुई है। वह हजरतगंज स्थित एक पैथोलॉजी में काम करता था। परिवार में पत्नी रितु और एक बेटा है। परिजनों के मुताबिक, प्रदीप और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को निकाला

दुबग्गा। पारा थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक मामला सामने आया है। एक विवाहिता ने अपने पति, सास, नानी सास और मौसी सास पर दहेज की मांग पूरी न होने पर लगातार मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना देने, मारपीट करने तथा घर से निकाल देने का आरोप लगाया है।

पीड़िता की तहरीर पर पारा पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कॉर्पियो से भाग रहा था, पीछे थी पुलिस, नाले में गिरने के बाद गिरफ्तार

# अयोध्या के हिस्ट्रीशीटर की लखनऊ में गाड़ी पलटी



तमसा संकेत, एजेंसी

बख्शी का तालाब। अयोध्या के कुमारगंज थाना क्षेत्र में हमले और हत्या के प्रयास के मामले में वांछित हिस्ट्रीशीटर रोहन सिंह को पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया है। रोहन स्कॉर्पियो से भागने की कोशिश कर रहा था, तभी अयोध्या पुलिस ने लखनऊ में घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। वह स्कॉर्पियो से भाग रहा था और पुलिस टीम उसका पीछा कर रही थी। तभी महिंगवा क्षेत्र में उसकी स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक नाले में पलट गई। हादसे के बाद रोहन वाहन से निकलकर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। इस गिरफ्तारी में लखनऊ



गाड़ी सड़क किनारे नाले में पलट गई। पलटते समय आरोपी बच निकला और पैदल ही भागने लगा।

की बीकेटी, महिंगवा और सैरपुर पुलिस ने भी अयोध्या पुलिस का सहयोग किया। शिवम की मां नीलम पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने रोहन सिंह, हिमांशु और 4 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस रोहन सिंह की तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस को रोहन सिंह की लोकेशन लखनऊ में मिली।

### पहले पिता फिर बेटे पर किया जानलेवा हमला

यह मामला कुमारगंज थाना क्षेत्र के पूरे विंध्या पांडेय गांव निवासी शीतला प्रकाश पांडेय की शिकायत से जुड़ा है। उन्होंने बताया था कि 21 मई की शाम वह घर पर भोजन कर रहे थे, तभी खंडासा क्षेत्र के अंजरौली पूरे बेड़ियन गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर रोहन सिंह अपने साथियों के साथ पहुंचा और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप था कि इस मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने जिले के प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही से भी शिकायत की थी। इसके कुछ समय बाद ही मंगलवार को पीड़ित के बेटे शिवम पांडेय पर जानलेवा हमला कर दिया गया।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर निकली जागरूकता रैली

## मद्य निषेध विभाग ने तम्बाकू और गुटखा सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर शनिवार को मद्य निषेध विभाग द्वारा जनजागरूकता रैली एवं पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तम्बाकू, गुटखा और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों एवं दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। रैली के माध्यम से आमजन को यह संदेश दिया गया कि तम्बाकू और गुटखा जैसे नशीले पदार्थ न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। विभाग ने लोगों से स्वस्थ, जागरूक और



नशामुक्त जीवन शैली अपनाने की अपील की। जागरूकता रैली का आयोजन प्रातः 7:30 बजे क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी कार्यालय, 27 अशोक मार्ग, लखनऊ से शुरू हुआ। यह पदयात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थित जीपीओ पार्क, हजरतगंज चौराहा तक पहुंची। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने तम्बाकू निषेध और नशामुक्ति से संबंधित संदेशों वाले बैनर एवं तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। रैली को राज्य मद्यनिषेध अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ताओं तथा आम नागरिकों सहित लगभग 300 लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने तम्बाकू और गुटखा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेते हुए लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान बताया गया कि तम्बाकू और गुटखा का सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों तथा अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का प्रमुख कारण बनता है।

# आज और कल 19 ट्रेनें चारबाग नहीं आएंगी

## स्टेशन पर कॉनकोर्स निर्माण के चलते 74 गाड़ियां प्रभावित

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर कॉनकोर्स निर्माण कार्य के चलते आज और 1 जून को 6-6 घंटे का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया गया है। इस दौरान कुल 74 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। इनमें 19 ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया है, जो अब चारबाग रेलवे जंक्शन नहीं आएंगी, जबकि 55 ट्रेनों के प्लेटफॉर्म में बदलाव किया गया है। बता दें कि 29 मई को प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर टिन शेड गिरने की घटना के बाद रेलवे ने एहतियातन यह कदम उठाया है। 31 मई और 1 जून को चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 5 पर सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कोई ट्रेन नहीं आ सकेगी। इसी दौरान



प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर 23 जून तक पूरी तरह ट्रेनों का संचालन बंद रहेगा, जबकि प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर प्रतिदिन 6 घंटे का आंशिक ब्लॉक रहेगा। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि असुविधा से बचने के लिए यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेनों की लाइव स्थिति और सही प्लेटफॉर्म की जानकारी अवश्य जांच लें। यह जानकारी रेलवे की वेबसाइट, NTES ऐप और हेल्पलाइन नंबर 139 के माध्यम से ली की जा सकती है।

# 2 जगह मुठभेड़, 3 बदमाशों को गोली मारी

## दिल्ली के 2 चेन स्नेचर गिरफ्तार, लड़की से छेड़खानी करने वाला लंगड़ाया

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के कृष्णानगर और विकासनगर में शनिवार रात पुलिस और बदमाशों के बीच 2 मुठभेड़ हुईं। कृष्णानगर में पुलिस से दिल्ली के 2 स्नेचर्स की मुठभेड़ हो गई। वहीं, विकासनगर में पुलिस ने युवती से छेड़खानी करने वाले के पैर में गोली मारी है।

तीनों बदमाश मुठभेड़ के बाद लंगड़ाते हुए चले। दोनों चेन स्नेचर्स के खिलाफ उन्नाव, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद और मुजफ्फरनगर समेत कई जिलों में चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में 20 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, दूसरे हाफ एनकाउंटर में शहर के थाना हुसैनगंज क्षेत्र की केकेवी कॉलोनी, महावीर पुरी के सनी यादव को गोली लगी। उस पर हाल ही में छेड़खानी का मुकदमा दर्ज हुआ है। घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस टीमों ने



करीब 200 से अधिक CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली।

साथ ही इलेक्ट्रॉनिक और मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। जांच में एक अंतरराज्यीय गैंग की संलिप्तता सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश तेज कर दी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक सोने की चेन, लूटा गया बैग, दो तमंचे, जिंदा कारतूस और खोखा, वारदात में इस्तेमाल की गई बिना नंबर प्लेट की पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की।

### दोनों ने लूट और चेन स्नेचिंग करने की बात कबूली

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिल्ली निवासी 23 वर्षीय रोहन उर्फ गुड्डू और 21 वर्षीय साहिल के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने कृष्णानगर क्षेत्र में हुई लूट और चेन स्नैचिंग की घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

वहीं, साहिल के खिलाफ उन्नाव और गौतमबुद्धनगर में चोरी और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं।

### पुलिस चेकिंग देख फायरिंग कर भागने लगे बदमाश

कृष्णानगर में मानसनगर रोड पर आसाराम बापू आश्रम के पास से रात करीब 1 बजे दोनों चेन स्नेचर बाइक से जा रहे थे। पुलिस को चेकिंग लगाए देख बाइक बैक कर तेजी से भागने लगे। इस दौरान पुलिस पर फायरिंग भी की। कुछ ही कदम जाकर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। दोनों ने पुलिस पर फिर से फायरिंग की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों के पैरों में गोली लगी। एक बदमाश के दाहिने और दूसरे के बाएं पैर में गोली लगी है। दोनों बदमाशों की उम्र 21 और 23 साल है। यहां रहकर वे महिलाओं से चेन स्नेचिंग करते थे।

### लूटी गई ज्वेलरी और नकदी पास में रखी थी

कृष्णानगर थाना पुलिस और दक्षिणी जोन की सर्विलांस टीम के साथ बदमाशों की यह मुठभेड़ हुई। दोनों बदमाशों के पास से लूटी गई ज्वैलरी, नगदी, अवैध तमंचे और लूट में इस्तेमाल की गई बाइक मिली है। उसी बाइक से दोनों जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, 28 मई को कुंदन विहार निवासी रामबाबू चौरसिया का बैग छीना था।

### थाना प्रभारी की गाड़ी पर फायरिंग की

विकासनगर इलाके की एक युवती ने 34 साल के सनी यादव नाम के युवक पर छेड़खानी का आरोप लगाया था। वह कई दिनों से फरार था। शनिवार शाम वह पुलिस घिर गया। टेढीपुलिया के पास उसके होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस उसे गिरफ्तार करने पहुंची थी। डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा ने बताया कि आरोपी को पकड़ने की कोशिश की गई थी तो उसने फायरिंग शुरू कर दी। पहली गोली विकासनगर थाना प्रभारी की गाड़ी पर लगी। दूसरी गोली जीएसआई परिसर की तरफ गई। पुलिस ने अपनी सुरक्षा में फायरिंग की, जो आरोपी सनी यादव के पैर में लगी।

## वारदात : डेढ़ साल पहले हुई थी शादी, चाचा बोले- स्कॉर्पियो के लिए पति-ससुर ने हत्या की

# नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के सआदतगंज क्षेत्र में नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुरालवालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शादी के बाद से ही स्कॉर्पियो की मांग की जाने लगी। उसके पति-ससुर, ननदों और बुआ सास ने हत्या कर दी। मृतका की पहचान मानसी (23) पत्नी सागर राजपूत के रूप में हुई। वह झव्वारन काला फाटक की रहने वाली थी। करीब डेढ़ साल पहले उसकी शादी हुई थी। उसका 6 माह का बेटा है। मायका कानपुर के टीपीनगर बगाही में है। उसके चाचा सुनील कुमार वर्मा ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है। उन्होंने बताया- करीब 1 साल पहले सागर ने दहेज में मिला सारा सामान तोड़फोड़ कर बिखेर दिया



था। रात करीब 2 बजे भतीजी का कॉल आया था। उसने वीडियो कॉल पर पूरी घटना बताई थी और बचाने की गुहार लगाई थी। चाचा अविनाश ने बताया- वीडियो कॉल पर घर में सारा सामान टूटा-फूटा देखने के बाद दूसरे नंबर से मैंने सागर को कॉल किया था। वह एकदम सामान्य तरीके से बोलने लगा- ऐसा तो कुछ भी नहीं हुआ है। तब उसको मैंने बताया कि वीडियो कॉल पर सब देखा है। इस पर उसने हमारी भतीजी को बेवकूफ बोलकर कॉल काट दिया था। इसके बाद परिवार के लोग लखनऊ आए थे और समझा-बुझाकर चले गए थे।

### चाचा ने बताया- हैसियत के अनुसार खूब गिफ्ट दिया

सुनील ने शिकायत में बताया है कि उन्होंने अपनी भतीजी मानसी की शादी 9 दिसंबर 2024 को सागर राजपूत से की थी। शादी में हैसियत के अनुसार करीब सात लाख रुपए नकद, तिलक और अन्य घरेलू सामान दिया गया था।

बावजूद इसके पति सागर, ससुर राजेश, ननदोई अनु, ननदें बरखा और चांदनी और बुआ सास आशा अतिरिक्त दहेज की मांग करते थे। स्कॉर्पियो न मिलने पर मानसी को प्रताड़ित करते थे। लखनऊ में पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर मौजूद चाचा अविनाश राजपूत ने बताया- शादी के दो-तीन महीने तक सब ठीक रहा। इसके बाद रोजाना मारपीट शुरू हो गई। उसका पति सागर अचानक घर छोड़कर भाग जाता था। इस पर उसके पिता से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सागर को फोन मत किया करो, वह कहीं भी जाए।



### कई बार फोन पर प्रताड़ना की जानकारी दी

मायकेवालों का आरोप है कि विवाहिता ने कई बार फोन कर ससुराल में हो रही प्रताड़ना की जानकारी दी थी। इसके बाद परिवार के लोग कई बार लखनऊ आकर दोनों पक्षों में समझौता कराने का प्रयास भी करते रहे। उसे यह कहकर समझाते रहे कि नई शादी है, समय के साथ हालात सुधर जाएंगे। चाचा सुनील कुमार वर्मा ने बताया- शनिवार को रिश्तेदारों के माध्यम से सूचना मिली कि उनकी भतीजी ने फांसी लगा ली है। लेकिन, ऐसा नहीं था, दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालवालों ने उसकी हत्या की है।

### उत्तर प्रदेश को चार वर्ष बाद मिला स्थायी पुलिस प्रमुख

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस को चार वर्ष बाद पुलिस महानिदेशक मिला है। अभी तक कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक की भूमिका में काम कर रहे 1991 बैच के आईपीएस अफसर राजीव कृष्णा अब स्थायी पुलिस महानिदेशक हो गए हैं। राजीव कृष्णा पिछले एक वर्ष से कार्यकारी पुलिस महानिदेशक बने हुए थे। राजीव कृष्णा की नियुक्ति का आदेश अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद ने जारी किया। राजीव कृष्णा के पास निदेशक सतर्कता अधिष्ठान का भी चार्ज रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वसनीय अफसर के नाम पर मुहर लगा दी है। संघ लोक सेवा आयोग से भेजे गए पैनल पर शासन स्तर पर गहन मंथन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजीव कृष्णा के नाम के प्रस्ताव को अपनी अंतिम मंजूरी दे दी है। मुकुल गोयल के मई 2022 से पद से हटने के बाद अब यूपी पुलिस को पूर्णकालिक डीजीपी मिला है।

# ग्रामीण रोजगार को मिलेगी नई मजबूती

## 125 दिन की रोजगार गारंटी बनेगी वरदान : केशव प्रसाद मौर्य

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं समृद्ध बनाने की दिशा में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (जी राम जी) एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी कदम है। यह अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का विस्तार करने, आजीविका को सुदृढ़ बनाने तथा प्रत्येक ग्रामीण परिवार को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि इस अभिनव अधिनियम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, स्वरोजगार एवं कौशल विकास को नई गति प्राप्त होगी तथा आय सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा। यह अधिनियम केवल आर्थिक प्रगति का माध्यम नहीं है, बल्कि "विकसित भारत" के संकल्प को गांव-गांव तक पहुंचाने का एक प्रभावी अभियान भी है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 के माध्यम से ग्रामीण श्रमिक परिवारों को अब और अधिक रोजगार सुरक्षा प्रदान की जा रही है। प्रदेश में रोजगार की गारंटी को मजबूत करते हुए अधिनियम के अंतर्गत कार्य दिवसों की सीमा बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। यह निर्णय ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि, आजीविका सशक्तिकरण तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

C M Y K

### पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन अंतरजनपदीय आरोपियों को किया गिरफ्तार, बाइक सहित जेवरात बरामद

# पर्दाफाश : ज्वेलर्स दुकान पर टप्पेबाजी

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी






**सीतापुर।** सीतापुर के लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में 17 मई को प्रज्ञा ज्वेलर्स की दुकान से हुई टप्पेबाजी की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए दो महिलाओं सहित तीन अंतरजनपदीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान, नकदी, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

जानकारी के अनुसार 17 मई को नगर के मोहल्ला बेहटी निवासी सालिक राम रस्तोगी की केशरीगंज स्थित प्रज्ञा ज्वेलर्स दुकान पर दो बुर्कानशीं महिलाएं ग्राहक बनकर पहुंची थीं। महिलाओं ने पायल देखने के बहाने दुकान संचालक का ध्यान भटकाया और चांदी तथा सोने के आभूषण चोरी कर फरार हो गई थीं। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के नंबर के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही। सूचना के आधार पर पुलिस ने लखीमपुर खीरी मार्ग पर नवीनगर खंडजे के पास घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रंजीत कुमार पाल निवासी अटकोहना थाना शारदानगर, मोहिनी देवी पत्नी बाबूराम निवासी बड़खेड़ा थाना सदर तथा दीप्ति राज पुत्री रामप्रसाद निवासी बड़खेड़ा थाना सदर, जनपद लखीमपुर खीरी शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी का बिछुआ, एक पीली धातु की अंगूठी, 720 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटर-साइकिल बरामद की है। मोटर-साइकिल को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी शातिर अपराधी हैं और इनके खिलाफ सीतापुर, लखीमपुर खीरी तथा बहराइच जनपदों में चोरी, नकबजनी और धोखाधड़ी समेत कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# प्रसूता की मौत, डॉक्टरों की लापरवाही आई सामने

### डीएम की जांच रिपोर्ट में सामने आई लापरवाही, कम ब्लड में किया था ऑपरेशन

तमसा संकेत, एजेंसी



सीतापुर। सीतापुर के शहर कोतवाली इलाके में प्राइवेट आरोग्यं हॉस्पिटल के बाहर प्रसूता की मौत के बाद हंगामा मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और डीएम की त्रिस्तरीय जांच रिपोर्ट में अस्पताल संचालकों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार डॉक्टरों ने प्रसूता के शरीर में कम ब्लड होने के बावजूद जान बूझकर प्रसव के दौरान ऑपरेशन पर डिलीवरी कराई। जिससे उसकी मौत लखनऊ में हो गई थी। डीएम के निर्देश के बाद अब संचालकों के खिलाफ कार्रवाई तय है।

जानकारी के अनुसार खैराबाद थाना इलाके के ग्राम धरैचा निवासी सुमन देवी पत्नी खुशीराम को बीती 26 मई को परिजनों ने जिला महिला अस्पताल मेंके भर्ती कराया था। जहां से आशा बहू के बरगलाने पर परिजन महिला को लेकर प्राइवेट अस्पताल आरोग्य अस्पताल लेकर गए।

जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन के बाद महिला ने एक बच्चे की जन्म दिया। उसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो लखनऊ रेफर कर दिया। जहां वेंटिलेटर से हटाकर परिजन उसे सीतापुर लेकर आ रहे थे, जहां उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने बीती 29 मई की शाम शव अस्पताल के बाहर रखकर हंगामा काटा और अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया। देर रात डीएम के निर्देश पर त्रिस्तरीय टीम ने जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपी है।

**फास्ट न्यूज**

### लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती मनाई गई

**रायबरेली।** रायबरेली में 31 मई को लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती मनाई गई। वैष्णो नगर, 66 फुट रोड पीएसी रायबरेली में आयोजित इस गरिमामय समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और लोकमाता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। समारोह में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. शशिकांत शर्मा, जिलाध्यक्ष इं. वीरेंद्र यादव और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवमूर्ति सिंह 'राना' मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### रायबरेली का ऐतिहासिक कदम्ब पुल जर्जर

**रायबरेली।** रायबरेली के मुंशीगंज स्थित सई नदी पर बना ऐतिहासिक 'कदम्ब पुल' इन दिनों जर्जर हालत में है। पुल की रेलिंग टूटी हुई है और मुख्य पिलरों में दरारें आ गई हैं, जिससे यह राहगीरों के लिए खतरनाक बन गया है। एक ओर जहाँ शहीद स्थल को करोड़ों की लागत से विकसित किया जा रहा है, वहीं ठीक बगल में स्थित यह पुल उपेक्षा का शिकार है। स्थानीय नागरिकों और टहलने आने वाले लोगों ने बताया कि पुल की सुरक्षा रेलिंग का पाइप कई महीनों से टूटा हुआ है। पुल के मुख्य पिलरों में भी दरारें स्पष्ट दिख रही हैं, जिससे इसकी संरचनात्मक मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। यह स्थिति किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है। यह पुल ऐतिहासिक महत्व रखता है।

### कपड़े की दुकान में लगी आग

**रायबरेली।** रायबरेली शहर कोतवाली क्षेत्र के सब्जी मंडी इलाके में देर रात एक कपड़े की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की चपेट में आने से दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, सब्जी मंडी क्षेत्र में रशीद अंसारी की कपड़ों की दुकान है। दुकान में बिक्री के लिए बड़ी मात्रा में कपड़े रखे गए थे।

### बारिश और तेज हवाओं से भीषण गर्मी से मिली राहत, ग्रामीण इलाकों में मूसलधार बारिश

# बारिश से तापमान 6 डिग्री गिरा

तमसा संकेत, एजेंसी







**सीतापुर।** सीतापुर में कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच रविवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली, जिससे लोगों को राहत की सांस मिली। तेज हवाओं और बारिश के चलते तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। जहां सुबह के समय तेज धूप और उमस से लोग परेशान थे, वहीं दोपहर बाद मौसम सुहाना हो गया।

जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह जिले का तापमान करीब 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दोपहर बाद मौसम बदलने के साथ तेज हवाएं चलने लगीं और कई क्षेत्रों में बारिश शुरू हो गई। इसके परिणामस्वरूप तापमान गिरकर 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तापमान में आई इस गिरावट से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से काफी राहत मिली।

ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम का असर अधिक देखने को मिला, जहां तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश के कारण खेत-खलिहानों और सड़कों पर पानी भर गया, लेकिन किसानों और आम लोगों ने इसे राहत भरी बारिश बताया। लंबे समय से गर्मी और लू का सामना कर रहे ग्रामीणों ने मौसम में आए इस बदलाव का स्वागत किया।

वहीं शहर के विभिन्न इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई। हालांकि शहरी क्षेत्रों में बारिश का असर ग्रामीण इलाकों की तुलना में कम रहा, लेकिन तेज हवाओं ने वातावरण को ठंडा कर दिया। लोग घरों और बाजारों से निकलकर मौसम का आनंद लेते दिखाई दिए।

मौसम विभाग ने भी आगामी 24 घंटे के लिए अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार जिले में तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना बनी हुई है। डीएम राजा गणपति आर ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है। मौसम में आए इस बदलाव से जहां आमजन को राहत मिली है।

# गंगा में डूबने से दो छात्रों की मौत

### भैंस चराने गए थे दोनों, चार घंटे बाद गोताखोरों ने शव बरामद किए

तमसा संकेत, एजेंसी



**हरदोई ।** हरदोई के अरवल थाना क्षेत्र के निकामदपुर गांव में शनिवार शाम गंगा नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे भैंस चराने गए थे और नहाते समय गहरे पानी में चले गए। लगभग चार घंटे की तलाश के बाद गोताखोरों ने उनके शव बरामद किए।

जानकारी के अनुसार, निकामदपुर निवासी रामशंकर के 9 वर्षीय पुत्र ध्रुव और बृजपाल के 10 वर्षीय पुत्र किशन शनिवार शाम गांव से करीब 500 मीटर दूर गंगा नदी किनारे भैंस चराने गए थे। गर्मी से राहत पाने के लिए दोनों नदी में नहाने उतरे थे।

इसी दौरान ध्रुव गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के प्रयास में किशन भी नदी की तेज धार में बह गया। नदी किनारे मौजूद लोगों ने बच्चों को डूबते देख शोर मचाया। सूचना मिलने पर परिजन और थानाध्यक्ष अनिल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गोताखोरों ने लगभग चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाल डालकर दोनों बच्चों के शवों को नदी से बाहर निकाला।

**कंधे पर अस्पताल लेकर गए दोनों के शव**

मृतक किशन प्राथमिक विद्यालय जीवनपुरवा में कक्षा 5 का छात्र था। वह अपने दो भाइयों और चार बहनों में चौथे स्थान पर था। ध्रुव इसी स्कूल में कक्षा 4 का छात्र था और अपने पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर था। घटना की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार राजेश कुमार पटेल ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी और सरकारी सहायता का आश्वासन भी दिया। थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि दोनों बच्चों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### साड़ी की रस्सी बनाकर घर में घुसे चोर, अलमारी-बक्शे का ताला तोड़कर वारदात

# घर से लाखों की नकदी-जेवर चोरी

तमसा संकेत, एजेंसी





सीतापुर। सीतापुर के मछरेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम बीहट बीरम में शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने साड़ी का फंदा बनाकर एक घर में उतरकर लाखों रुपये की नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

गांव निवासी ठाकुर सिद्धेश्वर सिंह शनिवार रात अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर घर के पीछे की ओर से पहुंचे और साड़ी के सहारे मकान के अंदर प्रवेश कर गए। चोरों ने कमरे की जाली तोड़कर घर के भीतर घुसने के बाद अलमारी और बक्सों को खंगालना शुरू कर दिया।

बताया जा रहा है कि चोरों ने अलमारी और बक्सों के ताले खोलकर अथवा तोड़कर उनमें रखी नकदी, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

रविवार सुबह जब परिवार के सदस्य जागे तो घर का सामान बिखरा पड़ा देखकर उनके होश उड़ गए। अलमारी और बक्से खुले पड़े थे तथा कमरे का सामान अस्त-व्यस्त था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई।

सूचना मिलने पर मछरेहटा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम और तकनीकी विशेषज्ञों को भी बुलाया गया, जिन्होंने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर जांच शुरू की।

पीड़ित ठाकुर सिद्धेश्वर सिंह ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी प्रभात गुप्ता ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही घटना के खुलासे का प्रयास किया जा रहा है।

# बी.एड. प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

### अभ्यर्थियों को सीसीटीवी और बायोमेट्रिक जांच के बाद मिला प्रवेश

तमसा संकेत, एजेंसी






हरदोई। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार को हरदोई जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे, जिसमें सभी केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी और पुलिस बल की कड़ी तैनाती शामिल थी।

हरदोई शहर में इस परीक्षा के लिए कुल 2884 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनके लिए शहर में छह प्रमुख परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई: पहली पाली सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली।

परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए सी.एस.एन. पीजी कॉलेज, महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय इंटर कॉलेज (GIC), श्री वेणी माधव बालिका इंटर कॉलेज, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज और आर.आर. इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया था।

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अभ्यर्थियों को गहन तलाशी और बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति दी गई। परीक्षा के दौरान सभी कमरों में पर्यवेक्षक पूरी मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारी निभाते दिखे।

हालांकि, परीक्षा शुरू होने से पहले और समाप्ति के बाद केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों को अपना कीमती सामान व मोबाइल जमा करने और वापस लेने के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ा। परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र के स्तर पर प्रतिक्रिया दी। हरदोई की वंशिका सिंह ने बताया कि उनका पेपर अच्छा रहा और उन्हें अच्छी रैंक के साथ चयन की पूरी उम्मीद है।

एक अन्य अभ्यर्थी अंजुल कुमार ने बताया कि प्रश्नपत्र का स्तर काफी सरल और संतुलित था। उन्होंने कहा, "चूंकि परीक्षा में नकारात्मक अंकन का प्रावधान था, इसलिए मैंने सावधानी बरतते हुए केवल उन्हीं प्रश्नों को हल किया जिनके उत्तर मुझे पूरी तरह आते थे, बाकी प्रश्नों को छोड़ना ही बेहतर समझा।"

जिला प्रशासन और पुलिस बल की मुस्तैदी के कारण सभी छह केंद्रों पर बिना किसी अप्रिय घटना के परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई।

**दुःखद :** :हरदोई में गर्मी से राहत के लिए नदी में गए थे नहाने ■ चार घंटे बाद मिले शव

# दोस्त को बचाने की कोशिश, दोनों मासूम डूबे







तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई के अरवल थाना क्षेत्र के निकामदपुर गांव में शनिवार शाम गंगा नदी में डूबने से दो मासूम बालकों की मौत हो गई। पुलिस और गोताखोरों की टीम ने करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों के शव नदी से बरामद किए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**चार घंटे की मशक्कत के बाद मिले शव**

घटना को देख नदी किनारे मौजूद लोगों ने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही अरवल थानाध्यक्ष अनिल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गोताखोरों को बुलाकर नदी में तलाश अभियान शुरू किया गया। जाल की मदद से करीब चार घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद दोनों बच्चों के शव बरामद किए गए।

**नहाने के दौरान डूबे बालक**

जानकारी के अनुसार, निकामदपुर गांव निवासी ध्रुव (9 वर्ष) पुत्र रामशंकर और किशन (10 वर्ष) पुत्र बृजपाल शनिवार शाम गांव से करीब 500 मीटर दूर गंगा नदी के किनारे भैंस चराने गए थे। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए दोनों बच्चे नदी में नहाने उतर गए। नहाने के दौरान ध्रुव अचानक नदी की तेज धारा में फंसकर डूबने लगा। अपने साथी को बचाने के प्रयास में किशन भी गहरे पानी में चला गया और दोनों नदी में डूब गए।

**चौथी-पांचवी में पढ़ते थे मृतक मासूम**

घटना की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार राजेश कुमार पटेल भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मृतकों की पहचान प्राथमिक विद्यालय जीवनपुरवा के छात्र किशन जो कक्षा पांच में पढ़ता था और ध्रुव जो कक्षा चार का छात्र था, के रूप में हुई।

**पोस्टमार्टम के लिए भेजे शव**

रविवार को थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध हालात में अधेड़ महिला की मौत

### खेत पर काम करते समय बिगड़ी तबियत, इलाज के दौरान मौत

तमसा संकेत, एजेंसी



**हरदोई।** हरदोई के बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र में खेत पर काम कर रही एक अधेड़ महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में तबीयत बिगड़ गई। उन्हें उल्टियां होने लगीं, जिसके बाद परिजन उन्हें पहले कोथावां और फिर मेडिकल कॉलेज ले गए। शनिवार देर शाम इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। डॉक्टर ने महिला के जहर खाने की आशंका जताई और इसकी सूचना पुलिस को दी। शहर पुलिस ने रविवार दोपहर शव का पंचनामा भरा।

मृतका के पति होरीलाल, जो ग्राम बहादुरपुर के निवासी हैं, ने बताया कि शनिवार शाम वह उड़द की फसल पर कीटनाशक छिड़क रहे थे। इसी दौरान उनकी 53 वर्षीय पत्नी श्यामा खाना लेकर खेत पर आईं। जब होरीलाल पेड़ के नीचे बैठ कर खाना खा रहे थे, तब श्यामा ने मशीन से पौधों पर छिड़काव करना शुरू किया।

होरीलाल के अनुसार, इस दौरान श्यामा ने गलती से कीटनाशक सूंघ लिया, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें उल्टियां होने लगीं। परिजन उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी कोथावां ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान देर शाम श्यामा ने दम तोड़ दिया।

मृतका के परिजन जहां इसे भूलवश कीटनाशक सूंघने का मामला बता रहे हैं, वहीं गांव वाले घटना की वजह को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। श्यामा के परिवार में उनके पति, दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि शव का पंचनामा भरवाया गया है।

# सम्पादकीय

## अगले चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस



कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में नए सिरे से जिम्मेदारियां तय की जा रही हैं। 2023 में बड़ी जीत के बाद दूसरी बार मुख्यमंत्री बने सिद्धारमैया ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले 2013 से 2018 तक सिद्धारमैया कांग्रेस सरकार में पूरे पांच साल के लिए मुख्यमंत्री थे। बताया जा रहा है कि 2023 में कांग्रेस ने यह तय कर लिया था कि राजस्थान या मध्यप्रदेश जैसी उलझन से बचने के लिए बारी-बारी से दो मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे। सिद्धारमैया के बाद डी के शिवकुमार की सबसे सशक्त उम्मीदवार थे, लिहाजा अब यह कमोबेश तय है कि अब तक उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष दोनों की जिम्मेदारी संभालने वाले डीके शिवकुमार ही नए मुख्यमंत्री होंगे। गुरुवार सुबह जब अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ सिद्धारमैया ने नाश्ते पर बैठक की और उसमें डीके शिवकुमार सिद्धारमैया को गले लगाते और उनके पैर छूते हुए भावुक हो गए, तभी यह तय हो गया कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में बड़े सहज तरीके और सद्भावनापूर्ण माहौल में मुख्यमंत्री का चेहरा बदला जा रहा है। दरअसल मंगलवार को दोनों नेताओं ने दिल्ली में राहुल गांधी के साथ बैठक की थी, तभी से सुगबुगाहट थी कि कर्नाटक में कांग्रेस कोई बड़ा बदलाव करने जा रही है। कांग्रेस विरोधी मीडिया की बांछें इस पर खिली हुई थीं, क्योंकि उन्हें किसी न किसी तरह कांग्रेस के खिलाफ कोई विवाद तलाशना होता है। उनकी दुकानदारी कांग्रेस को मुश्किल में दिखाने से ही चलती है। इसलिए 2023 से ही डी के शिवकुमार और सिद्धारमैया के बीच दुश्मनी दिखाने वाली कई बेबुनियाद खबरें चलाई जाती रहीं। यह सच है कि कुर्सी के कारण राजनैतिक दलों में बड़े नेताओं के बीच खींचतान चलती है, इस प्रवृत्ति की शिकार अकेली कांग्रेस नहीं है। लेकिन कांग्रेस इस प्रवृत्ति के कारण मुश्किल में इसलिए पड़ जाती है, क्योंकि यहां आंतरिक लोकतंत्र है, नाराज नेताओं को बयान देने की छूट है और पार्टी आलाकमान के खिलाफ बोलकर भी बड़े पदों पर उन्हें बिठाया जाता रहा है, भले फिर पार्टी को इससे नुकसान हो। दूसरी तरफ भाजपा में नरेन्द्र मोदी और अमित शाह की मर्जी के खिलाफ एक पत्ता भी नहीं हिलता है। उनकी मर्जी हुई तो एक नहीं दो-दो बार गुजरात में मुख्यमंत्री और केबिनेट को बदल दिया। महाराष्ट्र में देवेन्द्र फड़नवीस को पहले मुख्यमंत्री बनाया फिर उपमुख्यमंत्री और अब फिर से मुख्यमंत्री बना दिया। असम, मणिपुर, त्रिपुरा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा ऐसे तमाम राज्यों में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर मोदी-शाह की पसंद ही चली और राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर राज्यों के अध्यक्ष बनाने में भी उन्हीं दोनों की मर्जी चलती है। इसलिए जब तक बन पड़ा जे पी नड्डा का अध्यक्षीय कार्यकाल बढ़ाया गया, फिर बिहार की सत्ता पर पकड़ बनानी थी, तो उन्हें हटाकर नितिन नबीन को अध्यक्ष बनाया गया। अभी गुरुवार को ही पंजाब, दिल्ली, हरियाणा और त्रिपुरा की भाजपा इकाइयों के अध्यक्ष बदले गए हैं। कोई पार्टी किस नेता को क्या जिम्मेदारी सौंपती है, यह उसका आंतरिक मामला होता है। लेकिन भाजपा के प्रभाव में आकर अब मीडिया ने ऐसा नैरेटिव सेट कर दिया है, जिसमें मोदी-शाह पार्टी में कोई भी फेरबदल करें तो वह मास्टर स्ट्रोक हो जाता है और कांग्रेस कोई फेरबदल करे तो उसे पार्टी के अंदरूनी झगड़े का असर बताया जाता है। कर्नाटक में भी यही कहानी चलाने की कोशिश की गई, लेकिन अच्छी बात है कि सिद्धारमैया और डी के शिवकुमार ने इस कहानी पर पहले ही पूर्णविराम लगा दिया। अपने इस्तीफे के बाद सिद्धारमैया ने कहा कि उनके आलाकमान ने जो कहा उन्होंने वो किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा, 'हाई कमान ने मुझसे राज्यसभा में जाने के लिए कहा। लेकिन, मैंने विनम्रतापूर्वक इस प्रस्ताव को यह कहते हुए ठुकरा दिया कि मेरी राष्ट्रीय राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है। सिद्धारमैया ने यह भी कहा कि, 'मुझे दो बार मुख्यमंत्री के तौर पर और दो बार विपक्ष के नेता के तौर पर सात करोड़ कन्नड़भाषियों की सेवा करने का अवसर मिला। मैं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आभार व्यक्त करता हूं।' सिद्धारमैया के इस बयान से जाहिर है कि वे दिल्ली नहीं आने वाले हैं और राज्य में ही कांग्रेस को मजबूत करने का काम करेंगे। ध्यान रहे कि कांग्रेस में यह फेरबदल ऐसे वक्त हुआ है, जब वह दक्षिण भारत में सबसे मजबूत स्थिति में है। केरल में उसने बड़ी जीत हासिल की है और तमिलनाडु में छह दशक बाद सत्ता में शामिल हुई है।

# नाज़ुक आर्थिक दौर में संरचनात्मक बदलावों का समय

> हालांकि यह पहली बार नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और न ही यह आखिरी बार होगा। भारत जिस समस्या का सामना कर रहा है वह कूटनीतिक पहेली नहीं बल्कि एक मूलभूत आर्थिक और रणनीतिक असुरक्षा है।

भारत को अनुसंधान और नवाचार में निवेश, श्रम उत्पादकता में सुधार, व्यापारिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत और क्षेत्रीय व्यापार एकीकरण को सुदृढ़ करना चाहिए। भारत को अनुसंधान और नवाचार में निवेश, श्रम उत्पादकता में सुधार, व्यापारिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत और क्षेत्रीय व्यापार एकीकरण को सुदृढ़ करना चाहिए। ये निवेश अर्थव्यवस्था में आवश्यक संरचनात्मक बदलावों को गति दे सकते हैं और वर्तमान संकट से उबरने के दौरान भी दीर्घकालिक विकास को समर्थन प्रदान करेंगे। यह संकट एक ऐसा सबक साबित हो सकता है जो भारत को विकास की गति को बनाए रखने हेतु आवश्यक बदलाव लाने के लिए बाध्य करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सुधारों को नई गति देने पर ध्यान देना समयोचित है। गुरुवार को मंत्रिपरिषद की साढ़े चार घंटे चली बैठक में हुई चर्चा से लगता है कि मौजूदा आर्थिक स्थिति को देखते हुए कई नये सुधारों का रास्ता खुलेगा। मध्य पूर्व का मौजूदा संकट, होर्मुज़ जलडमरूमध्य में व्यवधान, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल के बाजारों में अस्थिरता आदि अब क्षेत्रीय चिंताएं मात्र नहीं रह गई हैं- ये आपूर्ति में व्यवधान और बढ़ती कीमतों से उत्पन्न वैश्विक आर्थिक झटके बन गए हैं। जापान से लेकर अमेरिका तक, विश्व भर की अर्थव्यवस्थाएं व्यापक आर्थिक अनिश्चितता एवं असुरक्षा से जूझ रही हैं। भारत अपने कच्चे तेल का 80 प्रतिशत से अधिक, एलपीजी का 60 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस 50 फीसदी, उर्वरक 30 फीसदी, हीलियम शत-प्रतिशत और अन्य तेल उप-उत्पादों का आयात करता है। इसमें मध्य पूर्व से 54 फीसदी कच्चा तेल, 90 फीसदी एलपीजी, 50 प्रतिशत प्राकृतिक गैस, 31 प्रश उर्वरक और



50 फीसदी से अधिक हीलियम और ऐसे अन्य उप-उत्पाद प्राप्त होते हैं। वास्तव में ऊर्जा आयात व्यापारिक मार्गों, प्रेषण और प्रवासी भारतीयों के संबंधों के माध्यम से भारत पश्चिम एशिया से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह स्थिति भारत को मध्य पूर्व में किसी भी दीर्घकालिक संघर्ष के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील बनाती है। यह उथल-पुथल मुद्रास्फीति, व्यापार संतुलन, राजकोषीय प्रबंधन, औद्योगिक उत्पादन और उपभोक्ता मांग को प्रभावित कर रही है। उल्लेखनीय है कि छह महीने से भी कम समय पहले आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने भारत की व्यापक आर्थिक स्थिति को 'दुर्लभ स्वर्णिम काल' (रेयर गोल्डी लॉक पीरियेड) बताया था- एक ऐसी आर्थिक स्थिति जहां अर्थव्यवस्था 'न तो बहुत गर्म है और न ही बहुत ठंडी' होती है। यह नाम बच्चों की कहानी 'गोल्डिलॉक्स एंड द थ्री बेयर्स' (गोल्डिलॉक्स और तीन भालू) से लिया गया है। इसका प्रयोग 'बिल्कुल सही' स्थिति का वर्णन करने के लिए किया जाता है। उस समय असाधारण रूप से उच्च आर्थिक विकास के साथ-साथ उल्लेखनीय रूप से कम मुद्रास्फीति का दौर चल रहा था, लेकिन भू-राजनीतिक घटनाओं के तेजी से बदलते स्वरूप और वैश्विक स्तर पर झटकों के कारण स्थिति में नाटकीय रूप से बदलाव आया है। भारत में थोक मुद्रास्फीति अप्रैल 2026 में ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण तेजी से बढ़कर 8.3 प्रतिशत हो गई। खुदरा मुद्रास्फीति 3.48 प्रति सैकड़ा तक पहुंच गई है। 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर तेल की कीमतें स्थिर रहने से मुद्रास्फीति का दबाव और बढ़ जाएगा। तेल की बढ़ती कीमतों का प्रभाव भारत तक ही सीमित नहीं है। दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा आयातकों में से एक जापान में अप्रैल 2026 में पिछले तीन वर्षों में सबसे तेज थोक मुद्रास्फीति दर्ज की गई। थाईलैंड, फिलीपींस और कई अन्य दक्षिण एशियाई अर्थव्यवस्थाएं गंभीर स्थिति में हैं। हालांकि शुरुआत में निर्यात में वृद्धि देखी गई लेकिन होर्मुज़ जलडमरूमध्य के आसपास परिवहन में बाधा ने व्यापार प्रवाह को प्रभावित करना शुरू कर दिया है जिससे खाद्य पदार्थों, निर्मित वस्तुओं और औद्योगिक इनपुट की कीमतें बढ़ गई हैं। उपभोग कमजोर हो रहा है, यात्रा और पर्यटन बाधित हैं और वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति का खतरा बढ़ गया है। सवाल यह है कि भारत को वर्तमान संकट का प्रबंधन कैसे करना चाहिए? जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है- 'ऊर्जा सुरक्षा आर्थिक सुरक्षा का आधार है।' नवीकरणीय ऊर्जा- सौर, पवन, परमाणु, हरित हाइड्रोजन और जलविद्युत को बढ़ावा देकर ऊर्जा सुरक्षा को 'मिशन मोड' में लाना होगा। भारत को अनुसंधान और नवाचार में निवेश, श्रम उत्पादकता में सुधार, व्यापारिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत और क्षेत्रीय व्यापार एकीकरण को सुदृढ़ करना चाहिए। ये निवेश अर्थव्यवस्था में आवश्यक संरचनात्मक बदलावों को गति दे सकते हैं और वर्तमान संकट से उबरने के दौरान भी दीर्घकालिक विकास को समर्थन प्रदान करेंगे। यह संकट एक ऐसा सबक साबित हो सकता है जो भारत को विकास की गति को बनाए रखने हेतु आवश्यक बदलाव लाने के लिए बाध्य करेगा। इसके अलावा सेमीकंडक्टर, उर्वरक और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आयात प्रतिस्थापन से बाहरी निर्भरता को कम किया जा सकता है। उच्च विकास वाली प्रौद्योगिकी और मूल्य वर्धित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने से संयुक्त रूप से बीस खरब डॉलर के वस्तु और सेवा निर्यात के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।

**जीएन बाजपयी-दीपाली गर्ग**

## सिर्फ सत्ता पक्ष को ...

बादल सरोज

# उदन्त मार्तण्ड से लुप्त मेरुदण्ड तक हिंदी पत्रकारिता के दो सौ बरस

उदंत मार्तंड अंग्रेजी राज के चरमोत्कर्ष के समय उन दिनों की उसकी राजधानी कलकत्ता से निकलता था और दो वर्ष तक - जब तक वह आर्थिक संकट के चलते बंद नहीं हुआ तब तक- चलता रहा। आज असहमत अखबार या प्रकाशन संस्थान का चल पाना असंभव बना दिया गया है। आज प्रेस स्वतंत्रता रसातल में पहुंच चुकी है। यूं तो हाल के लगभग डेढ़ दशक भारतीय प्रेस- विशेषकर हिंदी भाषी प्रेस- के धीरे-धीरे तेज से तेजतर हुए पराभव और गिरावट के बरस हैं । मगर पिछले दो ढाई महीने, ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले के बाद के पिछले दो ढाई महीने, कुछ ज्यादा ही तेजी से हुए पतन के महीने हैं। इनके विस्तार में जाए बिना सिर्फ बीते सप्ताह के हिंदी अखबारों की मुख्य खबरों पर ही नजर डालने से ही स्थिति स्पष्ट हो जाती है। अभी हाल में मोदी विदेश दौरे से लौटे हैं: कायदे से तो प्रेस का काम था कि वह पांचों देशों की यात्रा के कारणों और परिणामों का विश्लेषण करती। मगर बजाय उसका ध्यान किन बातों पर रहा? नार्वे की एक युवा पत्रकार के प्रश्न पूछने की कोशिश भर से प्रधानमंत्री मोदी के लगभग भागने की खबर पर सिर्फ नार्वे ही नहीं दुनिया भर के मीडिया में मजाक उड़ा: भारत की हिंदी पत्रकारिता के वीर पूरी ताकत से उस युवा पत्रकार के ऐसा पीछे पड़े कि सारी मर्यादाएं तोड़कर चरित्र हनन तक आ गए। इससे भी ज्यादा हल्कापन इटली की प्रधानमंत्री मिलोनी को मेलोडी चॉकलेट खिलाने के प्रधानमंत्री मोदी के हद दर्जे के बचपने के कवरेज में दिखी। लाखों युवाओं सहित उनके परिवारों




की जिन्दगी में भूकंप ला देने वाले नीट और सीबीएसई घोटाले की जांच परख, उत्तरदायित्व का निर्धारण प्रेस का काम था- बजाय ऐसा करने के अखबार या तो दोषियों की ढाल बने दिखे या जैसे कुछ हुआ ही नहीं केभाव में नजर आये। ठीक यही रुख सोना न खरीदने, घर में बंद रहने, पेट्रोल और खाने का तेल कम करने की मोदी की सुधार सप्तपदी को लेकर दिखा। हालांकि इसमें नया कुछ नहीं है, पिछले डेढ़ दशक से यही गत बनी हुई है- आज इसे याद करने की वजह यह है कि इस 30 मई 2026 को हिंदी पत्रकारिता के 200 बरस पूरे कर रही है। वर्ष 1826 में इसी दिन कलकत्ता से पण्डित जुगल किशोर शुक्ला कानपुर वालों ने उदंत मार्तंड नाम का, हिंदी का पहला, अखबार निकाला था। अंग्रेजी, फ़ारसी, उर्दू वगैरा भाषाओं में अखबार इससे पहले भी निकलते थे। छापा खाना- प्रिंटिंग प्रेस- वर्ष 1674 में ही बॉम्बे में कायम हो चुकी थी। इस प्रेस से बंगाल गज़ट वगैरा अखबारों के छपने का सिलसिला भी शुरू हो चुका था। मगर हिंदी अखबार के निकलने में 150 साल लग गए - मजेदार बात यह है कि उसका भी प्रकाशन उस बंगाल से हुआ जिसकी भाषा हिंदी नहीं थी। खैर इतिहास ऐसे विस्मयकारी संयोगों से भी मिलकर बनता बिगड़ता है। मगर मूलतः होता सबक लेने के लिए है। यही वजह है कि इस तरह की तिथियां वह अवसर होती हैं जब धीरज से बैठकर अब तक के किये अनकिये को सूत्रबद्ध किया जाए। ऐसे सबक लिए जायें जो आने वाले समय में बेहतरी की उम्मीद जगाते हों। इन दिनों हिंदी भाषी समाज इतिहास से सबक लेने की आदत छोड़कर ऐतिहासिक तिथियों को उत्सव बनाने की कला में सिद्ध हो चुका है। ऐसा ही इस द्विशताब्दी वर्षगांठ के साथ भी होगा, असल में तो होना शुरू भी हो चुका है। 30 मई को यह उरूज पर पहुंचेगा और जिनकी लेखनी और बोलनी दोनों अशुद्धियों से भरी है ऐसे अनेक महानुभाव, जिन्होंने इसे आज की गत पर पहुंचाया है वे ही सुधार के प्रवचन देते हुए नजर आयेंगे। इन 200 बरस में इसका कितना और क्या योगदान रहा, कितनी नीचाई पाई, कितना उत्थान रहा इस पर चर्चा से बचने के हर तरीके ढूंढें जायेंगे। 200 साल पहले पहली बार निकले अखबार, उदन्त मार्तंड का घोषित उद्देश्य हिन्दुस्तानियों के हित सामने लाना और राष्ट्रीय चेतना का संचार करना था। इसमें दो मत नहीं कि अधिकांश अखबारों का स्वामित्व अंग्रेज या देशी धनाढ्यों के हाथ में रहने के बावजूद प्रेस ने उस कालखंड में भी भारत की जनता को जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निबाही। स्वतंत्रता संग्राम में समाचार पत्रों की भूमिका उल्लेखनीय थी। भारत की आजादी का समर्थक हर नेता और एक्टिविस्ट पत्रकार और सम्पादक भी हुआ था। उसके अखबार प्रतिबंधित भी हुआ करते थे।

## कई समाचारों में ...

डॉ. शैलेश शुक्ला

# सामने आ रहे हैं लिव-इन रिलेशनशिप के दुष्परिणाम

भारत सहित विश्व के अनेक देशों में पिछले कुछ वर्षों के दौरान लिव-इन रिलेशनशिप (Live-in Relationship) का चलन तेजी से बढ़ा है। आधुनिक जीवनशैली, शहरीकरण, आर्थिक स्वतंत्रता, शिक्षा के विस्तार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती अवधारणा ने इस व्यवस्था को समाज के एक वर्ग में स्वीकार्यता दिलाई है। लिव-इन रिलेशनशिप का मूल विचार यह है कि दो वयस्क बिना विवाह के एक साथ पति-पत्नी की तरह रहें और अपने संबंध को आगे बढ़ाने या परखने का अवसर प्राप्त करें। इसके समर्थक इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता, समानता और आधुनिक जीवन का हिस्सा मानते हैं। किंतु हाल के वर्षों में देश के विभिन्न भागों से सामने आ रही घटनाओं ने इस व्यवस्था के कई नकारात्मक पहलुओं को भी उजागर किया है। हत्या, आत्महत्या, मानसिक उत्पीड़न, आर्थिक शोषण, विश्वासघात, कानूनी विवाद और बच्चों के भविष्य से जुड़े प्रश्न लगातार चर्चा का विषय बन रहे हैं। ऐसे में लिव-इन रिलेशनशिप के सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और कानूनी प्रभावों पर गंभीर चिंतन आवश्यक हो गया है। लिव-इन रिलेशनशिप की सबसे बड़ी चुनौती इसकी अस्थिरता मानी जाती है। विवाह एक सामाजिक, कानूनी और सांस्कृतिक संस्था है जिसके साथ जिम्मेदारियों और प्रतिबद्धताओं का स्पष्ट ढांचा जुड़ा होता है। इसके विपरीत लिव-इन संबंधों में अक्सर यह स्थायित्व और स्पष्टता नहीं होती। जब संबंध केवल पारस्परिक सहमति पर आधारित



होता है और उसे समाप्त करने की प्रक्रिया भी अपेक्षाकृत सरल होती है, तब कई बार दोनों पक्षों में दीर्घकालिक जिम्मेदारी की भावना कमजोर पड़ जाती है। परिणामस्वरूप संबंधों में असुरक्षा, अविश्वास और अनिश्चितता का वातावरण पैदा हो सकता है। यही कारण है कि अनेक मामलों में कुछ समय बाद संबंध टूट जाते हैं और दोनों पक्ष भावनात्मक संकट का सामना करते हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव भी चिंता का विषय हैं। किसी भी घनिष्ठ संबंध में भावनात्मक निवेश अत्यधिक होता है। यदि संबंध अचानक टूट जाए या किसी एक पक्ष द्वारा विश्वासघात किया जाए तो उसका गहरा मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है। अवसाद, तनाव, चिंता, अकेलापन और आत्मविश्वास में कमी जैसी समस्याएँ सामने आ सकती हैं। कई समाचारों में ऐसे मामले सामने आए हैं जहाँ संबंध विच्छेद के बाद युवाओं ने आत्महत्या जैसे कदम उठाए या गंभीर मानसिक आघात का सामना किया। यह स्थिति बताती है कि केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं है, बल्कि भावनात्मक परिपक्वता और जिम्मेदारी भी उतनी ही आवश्यक है।

## जरा हटके

## हमारे गांव में कस्बे...

बाबा मायाराम

# साइकिल की सवारी में बेहतरी हमारी

गांव में स्थित स्वयंसेवी संस्था के कार्यकर्ता साइकिल से चलते थे। संस्था की ओर से सचल पुस्तकालय (मोबाइल लाइब्रेरी) संचालित किया जाता था। यह हमारे लिए अनोखा था। इसमें कार्यकर्ता की साइकिल में टंगे दो झोले होते थे, उनमें किताबें भरी होती थीं। गांवों की चौपालों पर किताबें फैला दी जाती थीं,और फिर गांव के बच्चे, वयस्क और बड़े किताबें उलटते पलटते थे, और पढ़ने के लिए किताबें ले जाते थे। वैश्विक स्तर पर तेल के संकट को देखते हुए साइकिल की सवारी ही सबसे बेहतर है। यह न केवल हमें तेल संकट से बचाती है, बल्कि प्रदूषण से भी निजात दिलाती है। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बेहतर है और दुर्घटनाओं से भी बचाती है। जून के पहले सप्ताह में विश्व साइकिल दिवस भी है। आज इस कॉलम में इस पर ही बात करना चाहूंगा, जिससे हम आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ सकें। अगर मैं बचपन को याद करूं तो उस समय मोटर साइकिल और कार बहुत कम थीं। अधिकांश लोग पैदल और बैलगाड़ी से चलते थे। कुछ लोगों के पास ही साइकिल हुआ करती थी। साइकिल दुकानों से किराये पर मिलती थीं। प्रति घंटे के हिसाब से किराया लिया जाता था। साइकिल दुकानों पर मरम्मत करवाने वालों की भीड़ लगी रहती थी। हमारे घर भी हरक्यूलिस साइकिल थी, यह पुरानी थी, जिसे मेरे पिताजी ने उनके किसी मित्र से खरीदा था। मैंने भी उसी साइकिल से चलाना सीखा। उस दौर में सड़कों पर साइकिलें दिखा करती थीं। किसान, अपना अनाज बाजार ले जाकर बेचते थे, पशुपालक घास का गट्ठर ले जाते थे। दूध वाले, सब्जी वाले, लाते ले जाते थे, बेचते थे। दूरदराज के गांवों में शहर में रहने वाले शिक्षक भी साइकिल से स्कूल जाते थे। सरकारी बसें चलती थीं, पर दिन में एक दो ही बार। वह भी बहुत लेट होती थीं। अगर कहीं जाना होता था, तो कई-कई घंटे बस के इंतजार में बैठना पड़ता था। बसों से आने-जाने वाले यात्रियों को देखकर कौतूहल



होता था। गांवों में वैसी भी जीवन की गति धीमी होती है, ऐसे में कोई भी नया व्यक्ति बस से आता था तो उसकी चर्चा होती थी। साप्ताहिक बाजार, जो हमारे पास के कस्बे में शुक्रवार को लगता था, उस दिन सड़कों पर गठरियां लेकर चलने वाले लोगों को देखना अच्छा लगता था। रंग-बिरंगे कपड़ों में कतारबद्ध रैला चलता रहता था। बैलगाड़ियों की चूं चर्र... की आवाजें सुनाई पड़ती थीं। मेहमानी व रिश्तेदारी में लोग पैदल आया जाया करते थे। शादी-विवाह या बारातों में बैलगाड़ी का उपयोग किया जाता था। साइकिल व बैलगाड़ी, नदी या कुओं से पानी भरने के काम भी आती थीं। हमारे गांव में स्थित स्वयंसेवी संस्था के कार्यकर्ता साइकिल से चलते थे। संस्था की ओर से सचल पुस्तकालय (मोबाइल लाइब्रेरी) संचालित किया जाता था। यह हमारे लिए अनोखा था। इसमें कार्यकर्ता की साइकिल में टंगे दो झोले होते थे, उनमें किताबें भरी होती थीं। गांवों की चौपालों पर किताबें फैला दी जाती थीं, और फिर गांव के बच्चे, वयस्क और बड़े किताबें उलटते पलटते थे, और पढ़ने के लिए किताबें ले जाते थे। मेरे लिए भी किताबों की दुनिया यहीं खुली थी। दूध वाले, गांव से दूध एकत्र कर शहर ले जाते थे। वे घर-घर से दूध इका करते थे, और फिर साइकिल से नजदीकी रेलवे स्टेशन जाते थे, वहां से ट्रेन से बड़े शहर दूध बेचने जाते थे। और शाम को वापस उसी ट्रेन से वापस आ जाते थे। स्कूली विद्यार्थी भी हाईस्कूल की कक्षाओं में पढ़ने के लिए साइकिल से जाते थे। साइकिल की दुकानें ज्यादा नहीं थीं, इसलिए घरों में ही साइकिल मरम्मत का सामान हुआ करता था। हवा भरने के लिए पंप, पिचिंस, पाना इत्यादि। अगर जब कभी साइकिल पंचर हो जाती थी, तो घर पर ही पंचर बना लेते थे। अक्सर हमें स्कूल जाते समय ही पता चलता था कि साइकिल पंचर है, तो जल्दी-जल्दी पंचर बनाते थे। आजकल सरकार स्कूली बच्चों के लिए निशुल्क साइकिल वितरण करती है। यह बहुत ही अच्छी योजना है। यह कई राज्यों में है। जब भी स्कूली बच्चों को साइकिल चलाते देखते हैं, तो एक अलग ही तरह का सुखद एहसास होता है। ऐसे दृश्य हमें रोमांचित करते हैं।

विशेषकर, यह लड़कियों के लिए तो आजादी की प्रतीक है। उनके लिए आने-जाने के लिए यह बहुत ही सुविधाजनक है। 90 के दशक में साक्षरता अभियान के दौरान साइकिल से पढ़ने-पढ़ाने का सिलसिला काफी चल रहा था। हमारे गांव में स्वैच्छिक संस्था के कार्यकर्ता रात्रिकालीन शालाएं लगाते थे। बिना पढ़े-लिखे लोगों को पढ़ाने आते थे, वह भी साइकिल से आते थे। शुक्रवार के दिन इसी संस्था की एक महिला डॉक्टर साइकिल से गांव आती थीं और एक ग्रामीण के आंगन में बैठकर गांव के लोगों की छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज करती थीं। इस कार्यक्रम का नाम जरूरी दवाई सुविधा रखा गया था। गांव में किसी महिला को साइकिल चलाते देखना कौतूहल जगाता था। क्योंकि एक तो लोग उस समय साइकिल ही कम चलाते थे, और महिलाएं तो बिलकुल भी साइकिल नहीं चलाती थीं। डाकिया और पेपर बांटने वाला तो रोज ही साइकिल से आते जिनका सभी को इंतजार रहता है। इनकी पहचान ही साइकिल से होती है। डाकिया, तो दूर-दराज के गांवों में साइकिल से आता जाता था।

हमारे गांव में कस्बे से वही डाक लाता था। मुझे याद है, जब मैं गांव में था, डाकिया के साइकिल की घंटी से ही मैं समझ जाता था कि डाकिया आया है, कौतूहल से भर जाता था। अगर कोई पोस्टकार्ड आता था, तो बड़े जतन से कई दिनों तक रखते थे। ई-पेपर पहुँच लगातार तेल के दाम बढ़ते जा रहे हैं और तेल के भंडार खत्म होने की कगार पर हैं।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन में दोनों पहुंचे थे, नसीम बोलीं- पहली बार बैट पकड़ा

# इरफान की गेंद पर पत्नी ने जड़ा चौका

आयोजन

तमसा संकेत, एजेंसी

**कानपुर।** उन्नाव में आयोजित ईदगाह गोल्ड क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में खेल और राजनीति का दिलचस्प संगम देखने को मिला। कानपुर की सपा विधायक नसीम सोलंकी ने मैदान पर बल्ला संभालते हुए अपने पति और पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की गेंद पर शानदार चौका जड़ दिया। इस दौरान कैंट से सपा विधायक हसन रूमी भी मौजूद रहे।

शनिवार रात को नाइट मैच खेला जाना था। इसी दौरान वहां नसीम सोलंकी ने बैट पकड़ा और स्टंप की तरफ चल दीं। तभी उनके इरफान सोलंकी ने बॉल उठाई और उनको फेंकने लगे। पहली बॉल तो मिस हुई, लेकिन दूसरी बॉल में नसीम ने चौका लगा दिया।

नसीम ने कहा- घरेलू महिला से राजनीति में आई, कभी सोचा नहीं था। उसी तरह से मैंने पहली बार क्रिकेट के मैदान में बैट पकड़ा है। उन बेटियों, लड़कियों को हिम्मत दी है कि वो किसी भी फील्ड में सब कुछ कर सकती हैं। इसलिए खेल का मैदान हो या कोई दूसरा फील्ड, हर जगह लड़कियां सफल होंगी।

इरफान ने कहा- नसीम ने यही संदेश दिया कि किसी भी तरह से महिला या लड़कियां पीछे नहीं हैं। उनको आगे बढ़ने का हौसला देने के लिए नसीम ने क्रिकेट के मैदान में बल्ला पकड़ा और बैटिंग की।

किसी भी क्षेत्र में देखिए महिलाएं पीछे नहीं है, इसी तरह से नसीम भी





**हसन रूमी बोले- कैंट से सपा विधायक हसन रूमी ने कहा कि खेल को बढ़ावा देना जरूरी है। क्योंकि खेल भावना से आपसी मेलजोल बढ़ता है। क्रिकेट पर उन्होंने कहा कि ये खेल तो जेंटलमैन गेम है, इसलिए क्रिकेट को तो गली-गली बढ़ावा मिलना चाहिए। बल्कि गली क्रिकेट के आयोजनों को बढ़ावा देने की जरूरत है।**

### नसीम ने बल्ला पकड़ा और बैटिंग करने लगीं

घरेलू महिला थी, लेकिन आज वो राजनीति में है, विधायक हैं।

### ईदगाह गोल्ड टूर्नामेंट

उन्नाव के ईदगाह मैदान में वार्ड-16 के पार्षद आरिफ शानू की ओर से आयोजित ईदगाह गोल्ड क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल 30 मई की रात खेला गया। टेनिस बॉल से खेले गए इस नाइट टूर्नामेंट में कुल 36 टीमों ने हिस्सा लिया।

सभी मुकाबले 8-8 ओवर के रहे। फाइनल में जवाहर नगर 11 ने गांधीनगर टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 51 हजार रुपये और उपविजेता टीम को 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

# फुटब्रिज की सीढ़ियों में घुसी बाइक, महिला की मौत

**झांसी में एक साल पहले शादी हुई थी, मायके आ रही थी, देवर-देवरानी घायल**

तमसा संकेत, एजेंसी

**झांसी।** झांसी में शादी के महज एक साल बाद ही महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। रविवार को वह देवर-देवरानी के साथ अपने मायके आ रही थी। देवर बाइक की टंकी पर एक बड़ा बैग रखे हुए था। इसी वजह से बाइक अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे बने फुटब्रिज की सढ़ियों में घुस गई।

हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि देवर और देवरानी घायल है। उनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस शव कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है। हादसा नवाबाद थाना क्षेत्र के झांसी-कानपुर हाइवे पर कोछाभंवर गांव के पास हुआ है।

प्रेमनगर के नगरा निवासी आशा पत्नी रामकिशोर बाल्मीकि ने बताया- मैंने अपनी बेटी साक्षी (20) की शादी दिसंबर 2024 में गुरसराय के कटरा मोहल्ला निवासी पंकज बाल्मीकि से की थी। पंकज नगर पालिका में ठेका पर काम करता है। घर पर धार्मिक कार्यक्रम था। इसमें शामिल होने के लिए बेटी साक्षी आज अपने देवर अनुराग और देवरानी रक्षा के साथ मायके आ रही थी। तीनों बाइक पर सवार थे। जब वे कोछाभांवर गांव के पास पहुंचे तो बाइक का एक्सीडेंट हो गया।



पुलिस के अनुसार, देवर बाइक की टंकी पर एक बड़ा बैग रखकर बाइक ड्राइव कर रहा था। बैग की वजह से बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक हाइवे किनारे बने फुटब्रिज की सीढ़ियों में जा घुसी। तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने साक्षी को मृत घोषित कर दिया।

फास्ट न्यूज

### भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के बेटे ने सेल्समैन को पीटा

**झांसी ।** झांसी में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गिरी के बेटे की दबंगई सामने आई। उसने शराब ठेका में घुसकर सेल्समैन को जमकर पीटा। साथ में दोस्तों ने भी मारपीट की। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। पुलिस ने अशोक गिरी के बेटे नकुल गिरी समेत 3 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पूरा मामला मऊरानीपुर कस्बे का है।

### झांसी में आज बारिश और आंधी का यलो अलर्ट

**झांसी ।** झांसी में लगातार दो दिन हुई बारिश के बाद रविवार को मौसम सामान्य और सुहावना हो गया। पिछले कई दिनों से 45-46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा तापमान रविवार को घटकर 36 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार आज अधिकतम तापमान में करीब 3 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट दर्ज हो सकती है तथा यह 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। साथ ही शाम या रात के समय बारिश होने की संभावना भी जताई गई है। हालांकि, अभी तेज धूप से कुछ परेशानी जरूर है।

### जवान को पीटने वाले कान पकड़कर गिड़गिड़ाए

**झांसी।** झांसी में वर्दीधारी एक पीआरडी जवान से मारपीट करने वाले 4 युवकों को पुलिस ने आज अरेस्ट कर लिया। गिरफ्तारी के बाद चारों आरोपी थाने में हाथ जोड़कर माफी मांगते नजर आए। कान पकड़कर गिड़गिड़ाते हुए बोले– हमसे बहुत बड़ी गलती हो गई, अब ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी। हमें माफ कर दीजिए। दरअसल, शुक्रवार रात लेनदेन के विवाद में आरोपियों ने पीआरडी जवान को बीच चौराहे पर रोक लिया था। इसके बाद एक युवक ने उसका गिरेबान पकड़कर थप्पड़ मारना शुरू कर दिया।

# इंस्पेक्टर ने बताया था बेगुनाह, उन 2 हत्यारों को उम्रकैद

तमसा संकेत, एजेंसी

**झांसी।** झांसी में 2018 में जमीन कारोबारी संजय वर्मा पर दिनदहाड़े फायरिंग और गनर की हत्या के मामले में कोर्ट ने शनिवार को 8 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। सभी पर 14 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

इसमें से दो हत्यारे रिंकू गेड़ा उर्फ मनीष गुप्ता और उसका भाई बॉबी गेड़ा उर्फ संदीप गुप्ता को विवेचक इंस्पेक्टर ने राहत दे दी थी। उन्होंने दोनों की नामजदगी गलत पाने की रिपोर्ट लगा दी थी। इसके खिलाफ पीड़ित संजय वर्मा कोर्ट चले गए थे।

कोर्ट ने माना था कि FIR में दोनों के नाम हैं। घायल संजय वर्मा और रवि वर्मा ने भी उनको गोली चलाते देखा। तमाम सबूत मिलने पर कोर्ट ने 24 अगस्त 2023 को दोनों आरोपियों को तलब कर केस में आरोपी बनाते हुए ट्रायल शुरू कर दिया था।

अब अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुभव द्विवेदी



(आवश्यक वस्तु अधिनियम) ने फैसला सुनाया तो उनके खिलाफ पुख्ता सबूत मिले। जबकि, सरदार सिंह गुर्जर समेत 8 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था। सरदार सिंह गुर्जर और संजय वर्मा के बीच वर्चस्व की लड़ाई थी। इस दुश्मनी में अब तक 3 लोगों की जान जा चुकी है।

चर्चित मामले की विवेचना सबसे पहले नवाबाद पुलिस, फिर जालौन पुलिस और इसके बाद सीबीसीआईडी ने की थी। इंस्पेक्टर ने जांच में रिंकू और बॉबी के नाम एक ही दिन में बाहर निकाल दिए गए। बताया था कि दोनों की नामजदगी को गलत पाई गई। जबकि, एक दिन पहले तक दोनों आरोपी थे।

# बीएड एंट्रेंस एग्जामः नाले में गिरे 25 परीक्षार्थी

## कानपुर में केंद्र के पास स्लैब धंसने से हादसा, चार घायल हुए, नहाकर दी परीक्षा

हादसा

तमसा संकेत, एजेंसी

**कानपुर।** कानपुर के मकराबर्टगंज स्थित प्रो. एचएन मिश्रा पीजी कॉलेज में पहली पाली में बीएड प्रवेश परीक्षा देने पहुंचे करीब 25 परीक्षार्थी पास के नाले की स्लैब धंसने से उसमें गिर गए। 4 परीक्षार्थियों को चोटें आई हैं।

बताया जा रहा है कि अभ्यर्थी फोटो कापी कराने के लिए पास की दुकान पर गए थे, उसी के सामने नाले की स्लैब धंस गई। स्थानीय लोगों की मदद से परीक्षार्थियों को नाले से बाहर निकाला गया। सभी ने नहाने के बाद परीक्षा दी।

दूसरी ओर शहर के 19 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच पहली पाली की परीक्षा संपन्न हो गई है। नौ परीक्षा केंद्र छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कैंपस में बने हैं। परीक्षा देने के लिए सुबह से ही विवि कैंपस में अभ्यर्थियों की भीड़ पहुंच गई। केंद्रों में अभ्यर्थियों की घड़ी उतरवाकर प्रवेश दिया गया।





### मोबाइल व घड़ी ले जाना रहा बैन

दो पालियों में होने वाली परीक्षा में 9168 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ से दोपहर 12 व दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर पुलिस बल भी मौजूद रहा। इसके अलावा अधिकारी भी निरीक्षण करते रहे। परीक्षार्थी को मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा कक्ष में ले जाने की अनुमति नहीं दी गई।

### बायोमैट्रिक व फोटो से किया मिलान

परीक्षा केंद्रों पर सबसे पहले अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक से मिलान किया गया। उसके बाद पुलिस व विवि के अधिकारियों ने आधार कार्ड व प्रवेश पत्र से अभ्यर्थी के चेहरे का मिलान किया। परीक्षा शुरु होने से पहले परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी लाइन लग गई। कई लेयर में चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। पहली पाली की परीक्षा में चेकिंग करते सीएसजेएमयू के रजिस्ट्रार राकेश मिश्रा व डॉ. दिवाकर अवस्थी आदि ने कक्षाओं में जाकर तलाशी ली। पहली पाली की परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने जनरल नालेज के सवालों को कठिन बताया।

# कानपुर में ब्रिटिशकालीन ब्रिज टूटा

## हादसे के दौरान नहीं थी आवाजाही, निर्माणाधीन पुल को बिना रेलिंग शुरू कराया

तमसा संकेत, एजेंसी

**कानपुर।** कानपुर के साढ़-कुड़नी मार्ग पर बरईगढ़ गांव के पास स्थित रामगंगा नहर के ब्रिटिशकालीन पुल का मध्य हिस्सा रविवार भोर में बीच से टूटकर नहर में गिर गया। घटना के समय आसपास कोई मौजूद नहीं था।

ग्रामीणों का कहना है कि हाल ही में नहर पटरी कटने से इस घटना की आशंका थी, फिर भी नहर विभाग ने अनदेखा किया। अब बिना रेलिंग वाला निर्माणाधीन पुल खोलकर लोगों के लिए और मुसीबत बढ़ा दी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह पुल काफी पुराना और जर्जर हो चुका था, जिसके चलते पास में नया पुल निर्माणाधीन है। बावजूद इसके, लंबे समय से इसी पुराने पुल के जरिए लोगों का आवागमन जारी था। ग्रामीणों का आरोप है कि नहर विभाग की लापरवाही और समय पर उचित देखरेख न होने के कारण यह हादसा हुआ।

ग्रामीणों ने बताया कि नए पुल की किनारे वाली कोठियों से लोहे का पाड़ अब तक नहीं हटाया गया था, जिससे वहां कूड़ा-करकट जमा हो गया। परिणामस्वरूप पानी की निकासी केवल बीच की कोठी से हो रही थी। संकरी निकासी के कारण नहर में पानी का बहाव अत्यधिक तेज हो गया। हाल ही में नहर में अधिक पानी छोड़े जाने से दबाव और बढ़ गया, जिसका असर पुराने पुल की नींव पर पड़ा और रविवार तड़के उसकी बीच की कोठियां टूटकर नहर में समा गईं।



### बीस दिन पहले मिला था संकेत, विभाग ने किया अनदेखा

ग्रामीणों का कहना है कि करीब 20 दिन पहले भी पानी की निकासी बाधित होने से नहर पटरी कट गई थी, लेकिन विभाग ने स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया। शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे. जैन और नहर विभाग के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण भी किया था, फिर भी पुल की गंभीर स्थिति पर ध्यान नहीं दिया गया।

### नए पुल से आवागमन चालू

पुल गिरने के बाद प्रशासन ने राहत देते हुए पास में बन रहे नए निर्माणाधीन पुल से अस्थायी रूप से आवागमन शुरू करा दिया है। हालांकि ग्रामीणों ने मांग की है कि निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाए और नहर की सफाई दुरुस्त की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति न हो। नहर विभाग के जेई आशीष पाल ने बताया– बरईगढ़ नहर पुल कई वर्ष पुराना था, पानी के अधिक बहाव के चलते ढह गया। PWD के द्वारा पास नए पुल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे आवागमन चालू करा दिया गया है, जल्द पुल की रेलिंग बनवाई जाएगी।

# फ्री में आइसक्रीम-गोलगप्पे खाने वाला सिपाही निलंबित

## दुकानदारों ने की थी शिकायत, जांच में आरोप सही मिले; एसीपी घाटमपुर करेंगे विस्तृत जांच

कार्रवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

**कानपुर ।** कानपुर के घाटमपुर क्षेत्र में पीआरवी 9303 पर तैनात एक सिपाही को फ्री में आइसक्रीम और गोलगप्पे खाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर शिकायत सामने आने के बाद हुई प्राथमिक जांच में सिपाही सुरेश कुमार प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। मामले की विस्तृत जांच एसीपी घाटमपुर को सौंपी गई है।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष महेश वर्मा ने कुछ दिन पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शिकायत करते हुए पीआरवी 9303 में तैनात पुलिसकर्मियों पर दुकानदारों से फ्री में आइसक्रीम और गोलगप्पे लेने का आरोप लगाया था। शिकायत वायरल होने के बाद पुलिस अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया और प्रारंभिक जांच कराई।



जांच में संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। इसके बाद पुलिस उपायुक्त मुख्यालय ने तत्काल प्रभाव से सिपाही को निलंबित कर दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की गहन विभागीय जांच अब घाटमपुर के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) को सौंपी गई है। जांच के दौरान संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे और उपलब्ध साक्ष्यों की पड़ताल की जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### सोशल मीडिया शिकायत के बाद हुई कार्रवाई

पुलिस विभाग का कहना है कि पुलिस की छवि को प्रभावित करने वाले मामलों में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच निष्पक्ष तरीके से कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

सहायक पुलिस आयुक्त कलक्टरगंज/डायल-112 आनंद कुमार ओझा ने बताया कि मामला सोशल मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आया था। प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर सिपाही सुरेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

**तबादलाः डॉ. अजय कुमार शर्मा बने नए मुख्य चिकित्साधिकारी, एसीएमओ को जालौन सीएमओ बनाया गया**

# उन्नाव सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश का तबादला

तमसा संकेत, एजेंसी

**उन्नाव।** उन्नाव के मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. सत्यप्रकाश का तबादला कर दिया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उन्हें संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, महानिदेशालय लखनऊ के पद पर तैनात किया गया है। वहीं, डॉ. अजय कुमार शर्मा को उन्नाव का नया मुख्य चिकित्साधिकारी बनाया गया है।

डॉ. सत्यप्रकाश ने उन्नाव में करीब चार वर्षों से अधिक समय तक मुख्य चिकित्साधिकारी के पद पर कार्य किया। उनके कार्यकाल के दौरान जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन और विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान भी जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को संभालने में अहम जिम्मेदारी निभाई थी।



शासन के आदेश के अनुसार, डॉ. सत्यप्रकाश को अब संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, महानिदेशालय लखनऊ की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके स्थान पर वर्तमान में डॉ. अजय कुमार शर्मा, जो डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय, लखनऊ में वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर कार्यरत थे, को उन्नाव का नया सीएमओ नियुक्त किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग में हुए इस फेरबदल में उन्नाव के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरिनंदन को भी नई जिम्मेदारी मिली है। शासन ने उन्हें मुख्य चिकित्साधिकारी जालौन के पद पर तैनात किया है। डॉ. हरिनंदन लंबे समय से उन्नाव में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे।



स्वास्थ्य विभाग में हुए इन तबादलों को प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नए सीएमओ डॉ. अजय कुमार शर्मा के सामने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने, ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की चुनौती होगी।

### कबाड़ कारोबारी ने लगाई फांसी

उन्नाव के शहर कोतवाली क्षेत्र के गदन खेड़ा मोहल्ले में रविवार को एक कबाड़ कारोबारी का शव घर के भीतर फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान गदन खेड़ा निवासी पप्पू (50) पुत्र रत्तु के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, पप्पू कबाड़ बीनने और उसके कारोबार से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में चार बेटियां हैं।

मृतक के भाई बिंदा ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी तब मिली जब पुलिस मौके पर पहुंच चुकी थी। उन्होंने बताया कि पप्पू का घर और कबाड़ रखने का स्थान पास-पास ही है। घर में मौजूद बेटियों ने जब अपने पिता को नहीं देखा तो वे कबाड़ वाले कमरे में गईं, जहां उन्होंने पप्पू का शव फांसी के फंदे से लटका देखा। बिंदा ने यह भी बताया कि उनका भाई मेहनत-मजदूरी और कबाड़ बीनकर परिवार का पालन-पोषण करता था। उन्होंने किसी पर कोई संदेह व्यक्त नहीं किया और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की मांग की।

# रेलवः लखनऊ-हरिद्वार एक्सप्रेस में चेन पुलिंग

तमसा संकेत, एजेंसी

**उन्नाव ।** उन्नाव के गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास रविवार दोपहर लखनऊ-हरिद्वार एक्सप्रेस में चेन पुलिंग हुई। इस घटना के कारण ट्रेन लगभग 12 मिनट तक रुकी रही, जिससे रेल संचालन प्रभावित हुआ और यात्रियों में हलचल मच गई। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने कार्रवाई करते हुए चेन पुलिंग करने वाले संदिग्धों को पकड़ लिया।

कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही लखनऊ-हरिद्वार एक्सप्रेस दोपहर 1:34 बजे गंगाघाट रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पहले अचानक रुक गई। ट्रेन के रुकते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। शुरुआत में यात्रियों को लगा कि कोई तकनीकी खराबी है, लेकिन बाद में पता चला कि किसी व्यक्ति ने ट्रेन की चेन खींची थी।

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। बताया गया है कि प्लेटफॉर्म से पहले ही आरपीएफ के दो जवानों ने चेन पुलिंग करने वाले व्यक्तियों को पकड़ लिया था। इस दौरान ट्रेन के आसपास कुछ देर तक गहमागहमी बनी रही।




रेलवे अधिकारियों द्वारा आवश्यक जांच और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ट्रेन को दोपहर 1:46 बजे गंतव्य की ओर रवाना किया गया। इस प्रकार, चेन पुलिंग के कारण ट्रेन लगभग 12 मिनट तक प्रभावित रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन रुकते ही कई यात्री खिड़कियों और दरवाजों से बाहर झांकने लगे। वे यह जानने का प्रयास कर रहे थे कि ट्रेन अचानक क्यों रुक गई।

## बांके बिहारी मंदिर में कई किमी लंबी लाइन, गोवर्धन में 24 घंटे में 10 लाख ने की परिक्रमा

# वृंदावन की गलियां श्रद्धालुओं से जाम, 5 लाख लोग पहुंचे



**सैलाब**

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर में रविवार को सुबह छह बजे से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। पुरुषोत्तम मास की पूर्णिमा पर गोवर्धन में आस्था का सैलाब उमड़ा है। 21 किलोमीटर लंबा परिक्रमा मार्ग श्रद्धालुओ से पूरी तरह भर गया है। पूरा परिक्रमा मार्ग गिरिराज महाराज की जय के जयकारे से गूंज रहा। देश-विदेश से पहुंचे भक्त गिरिराज जी की परिक्रमा के साथ ब्रज 84 कोस और वृंदावन की परिक्रमा भी कर रहे हैं। अनुमान है



कि रविवार को 5 लाख से अधिक भीड़ बिहारीजी के दर्शन को पहुंची है। पिछले 24 घंटे में 10 लाख से ज्यादा भक्त गिरिराज महाराज की परिक्रमा के लिए पहुंचे। भीड़ के पहुंचने का आलम यह कि बसों की छतों पर लोग बैठकर पहुंच रहे हैं। वृंदावन की सड़कें, गलियां श्रद्धालुओं से जाम हो गई हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि परिक्रमा मार्ग पर बेकाबू तरीके से दौड़ रहे ई-रिक्शा सबसे बड़ी परेशानी बन गए हैं।

### मंदिरों में दर्शन के लिए लगी लंबी कतारें



परिक्रमा मार्ग के अलावा गोवर्धन के प्रमुख मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। दानघाटी मंदिर, मुकुट मुखारविंद, मानसी गंगा, जतीपुरा समेत अन्य धार्मिक स्थलों पर दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं।

*श्रद्धालुओं का कहना है कि भारी भीड़ के बावजूद परिक्रमा मार्ग पर वाहनों की आवाजाही लगातार जारी है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। उनका आरोप है कि अनियंत्रित ई-रिक्शा और अन्य वाहन परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से परिक्रमा मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पर प्रभावी नियंत्रण लगाने की मांग की है, ताकि दर्शन और परिक्रमा सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संपन्न हो सकें।*

- वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर को जाने वाले मुख्य रास्ते का ये है हाल।
- दानघाटी मंदिर मुकुट मुखारबिंद मानसी गंगा, जतीपुरा सहित अन्य मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

### वृंदावन में महिला और युवक को वाहन ने मारी टक्कर

परिक्रमा मार्ग पर वाहनों की आवाजाही का खामियाजा श्रद्धालुओं को भुगतना पड़ रहा है। शनिवार को वृंदावन में हुए दो अलग-अलग हादसों में एक महिला और एक युवक घायल हो गए।



नशे की हालत में गाड़ी लेकर पहुंचे एक युवक ने दंडवती परिक्रमा दे रही महिला को टक्कर मार दी।

### बसों की छतों पर बैठकर पहुंचे श्रद्धालु

मथुरा से गोवर्धन आने वाले मार्गों पर भी भारी भीड़ देखने को मिली। सीट नहीं मिलने पर कई श्रद्धालु बसों की छतों पर बैठकर यात्रा करते नजर आए। ट्रैफिक पुलिस ने कई स्थानों पर कार्रवाई कर यात्रियों को नीचे उतारा, लेकिन भीड़ और उत्साह के कारण कुछ लोग पुलिस की नजर बचाकर दोबारा छतों पर चढ़ गए।

# उन्नाव सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश का तबादला

## डॉ. अजय कुमार शर्मा बने नए मुख्य चिकित्साधिकारी

तमसा संकेत, एजेंसी



उन्नाव। उन्नाव के मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. सत्यप्रकाश का तबादला कर दिया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उन्हें संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, महानिदेशालय लखनऊ के पद पर तैनात किया गया है। वहीं, डॉ. अजय कुमार शर्मा को उन्नाव का नया मुख्य चिकित्साधिकारी बनाया गया है। डॉ. सत्यप्रकाश ने उन्नाव में करीब चार वर्षों से अधिक समय तक मुख्य चिकित्साधिकारी के पद पर कार्य किया। उनके कार्यकाल के दौरान जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन और विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान भी जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को संभालने में अहम जिम्मेदारी निभाई थी। शासन के आदेश के अनुसार, डॉ. सत्यप्रकाश को अब संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, महानिदेशालय लखनऊ की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके स्थान पर वर्तमान में डॉ. अजय कुमार शर्मा, जो डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय, लखनऊ में वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर कार्यरत थे, को उन्नाव का नया सीएमओ नियुक्त किया गया है। स्वास्थ्य विभाग में हुए इस फेरबदल में उन्नाव के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरिनंदन को भी नई जिम्मेदारी मिली है।

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ-हरिद्वार एक्सप्रेस में चेन पुलिंग

उन्नाव। उन्नाव के गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास रविवार दोपहर लखनऊ-हरिद्वार एक्सप्रेस में चेन पुलिंग हुई। इस घटना के कारण ट्रेन लगभग 12 मिनट तक रुकी रही, जिससे रेल संचालन प्रभावित हुआ और यात्रियों में हलचल मच गई।
कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही लखनऊ-हरिद्वार एक्सप्रेस दोपहर 1:34 बजे गंगाघाट रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पहले अचानक रुक गई। ट्रेन के रुकते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

### आगरा मे अगले दो दिन तेज आंधी-बारिश के आसार

आगरा। आगरा में मआंधी और बारिश के बाद भीषण गर्मी से राहत मिली है। 48 घंटे में दिन के तापमान में 8.1 डिग्री और रात के तापमान में 6.8 डिग्री गिरावट आई है। दिन ही नहीं, रात का तापमान भी गिरा है। लू और धूप से राहत मिली है। शनिवार रात को भी तेज हवाएं चलीं। रविवार सुबह से तेज धूप निकल रही है, लेकिन धूप में ज्यादा गर्मी नहीं है। मौसम विभाग ने रविवार और सोमवार को भी आंधी-बारिश की संभावना जताई है। आज दोपहर बाद मौसम बदल सकता है। तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हो सकती है।

### मना भगवान नृसिंह देव का प्राकट्य उत्सव

मथुरा। पुरुषोत्तम मास की चतुर्दशी पर ब्रजभूमि भक्ति और आस्था के रंग में रंग गई। मथुरा, वृंदावन और आसपास के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर भगवान नृसिंह देव का प्राकट्य उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। जगह-जगह आयोजित नृसिंह लीला में जैसे ही हिरण्यकश्यप के खंभे पर प्रहार करते ही भगवान नृसिंह प्रकट हुए, पूरा वातावरण जयकारों और घंटा-घड़ियाल की ध्वनि से गूंज उठा।

# कॉमेडियन सुनील ग्रोवर ने पत्नी के साथ ताजमहल देखा

## पत्नी के साथ डायना बेंच पर तस्वीर खिंचवाईं, हाथ पकड़कर घूमे

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। कॉमेडियन सुनील ग्रोवर अपनी पत्नी आरती के साथ आगरा पहुंचे। रविवार सुबह सनराइज के समय ताजमहल का दीदार किया। उन्होंने ताजमहल की खूबसूरती को करीब से निहारा। उन्होंने पत्नी के साथ डायना बेंच पर बैठकर तस्वीर खिंचवाई। ताजमहल कैंपस में आने के बाद सुनील ग्रोवर शुरुआत में मास्क लगाए हुए थे, लेकिन जैसे ही पर्यटकों ने उन्हें पहचाना, उनके साथ फोटो और सेल्फी लेने वालों की भीड़ लग गई। सुनील ग्रोवर ने भी अपने चाहने वालों का अभिवादन किया और मुस्कुराते हुए उनके साथ फोटो खिंचवाईं। इस दौरान वह पत्नी का हाथ थामे ताजमहल परिसर में घूमते नजर आए। वह करीब 1 घंटे तक रहे। इस दौरान गाइड अंसार अली से ताजमहल



की नक्काशी, वास्तुकला के बारे में पूछा। सुनील की वाइफ आरती पेशे से इंटीरियर डिजाइनर हैं और दोनों का एक बेटा भी है। साल 2022 में सुनील को दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद उनकी चार बायपास सर्जरी हुई थीं। डॉक्टरों ने उन्हें एक महीने का आराम दिया, लेकिन वे केवल 25 दिन में ही काम पर लौट आए थे।

## गोरखपुर कारखाने के 30% प्लांट अब चलेंगे सोलर पावर से, 500 किलोवाट के नए सोलर पैनल तैयार, जल्द होगा उद्घाटन

# सौर ऊर्जा की राह पर पूर्वोत्तर रेलवे

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे का यांत्रिक कारखाना अब हरित ऊर्जा की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। कारखाना परिसर में 500 किलोवाट क्षमता के नए सोलर पैनल स्थापित कर दिए गए हैं, जिनका जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा। इन पैनलों के शुरू होने के बाद कारखाने के लगभग 30 प्रतिशत प्लांट सौर ऊर्जा से संचालित होने लगेंगे। रेलवे प्रशासन ने भविष्य में और अधिक क्षमता के सोलर पैनल लगाने की व्यापक योजना भी तैयार कर ली है।
पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के चलते कारखाने को लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) की ओर से प्रतिष्ठित ग्रीनको प्लेटिनम रेटिंग प्राप्त हुई है। इसके अलावा कारखाने को अंतरराष्ट्रीय रेलवे उद्योग मानक (आईआरआई-एस) प्रमाणन भी हासिल हुआ है, जो इसकी गुणवत्ता और पर्यावरणीय प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पूर्वोत्तर रेलवे के 166 स्टेशन वर्तमान में सौर ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं। रेलवे प्रशासन का लक्ष्य भविष्य में सभी स्टेशनों को सौर ऊर्जा से जोड़ना है।




**पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार के अनुसार, गोरखपुर स्थित सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में 237 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट लगाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। रेलवे बोर्ड की मंजूरी मिलते ही स्थापना कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही लखनऊ, वाराणसी और इज्जतनगर मंडल के खेल मैदानों में भी सोलर पैनल लगाए जाने की योजना है।**

### पहले से कार्यरत हैं 1000 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल

कारखाने में पहले से 1000 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल संचालित हो रहे हैं। नए 500 किलोवाट प्लांट के जुड़ने से बिजली की पारंपरिक खपत में उल्लेखनीय कमी आएगी। रेलवे का उद्देश्य ऊर्जा लागत घटाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना भी है।

### ड्रोन और रोबोट से होगी सोलर पैनलों की सफाई

मुख्य कारखाना प्रबंधक डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि सोलर पैनलों के रखरखाव को आधुनिक बनाने के लिए उनकी सफाई ड्रोन और रोबोट की मदद से कराने की योजना बनाई जा रही है। लगातार नई तकनीकों को अपनाया जा रहा है।

### 22.17 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट को मंजूरी

रेलवे प्रशासन को विभिन्न स्टेशनों, सर्विस बिल्डिंगों, रेलवे क्वार्टरों और समपार फाटकों पर कुल 22.17 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर पैनल लगाने की स्वीकृति मिल चुकी है।
वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान 2.557 मेगावाट क्षमता के सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं, जबकि 19.613 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता के प्रोजेक्ट को भी मंजूरी प्रदान की गई है।

### रेलवे कॉलोनियों और कार्यालयों की खाली जमीन का होगा उपयोग

रेलवे प्रशासन अब रेलवे कॉलोनियों, कार्यालयों और विभागों की खाली भूमि का उपयोग भी सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए करेगा। गोरखपुर क्षेत्र में 568 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगाने के लिए 16 स्थान चिह्नित किए गए हैं।

## बकरीद के दिन मारा था, सूर्या की मां बोलीं- लाश की फोटो दिखाओ, तब मानूंगी

# यूपी में छात्र की हत्या का आरोपी एनकाउंटर में ढेर

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में 11वीं के छात्र सूर्या चौहान की हत्या का मुख्य आरोपी असद (19) एनकाउंटर में मारा गया। वह शहर छोड़कर भागने की फिराक में था। रविवार तड़के 4 बजे पुलिस ने घेरा तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में असद ढेर हो गया। पुलिस ने शनिवार को ही उस पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। मुठभेड़ शहर के वसुंधरा इलाके में हुई। बकरीद के दिन (28 मई) 17 साल के सूर्या की हत्या हुई थी। नाबालिग दोस्त के मुताबिक, असद ने फोन करके सूर्या को बुलाया। साथियों के साथ उसे घेर लिया और चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। मारने से पहले उसने सूर्या से पूछा था-




क्या कभी बकरा हलाल होते देखा है? आओ, दिखाते हैं। इसका CCTV भी सामने आया था। वहीं, खोड़ा पुलिस ने 3 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें खोड़ा के रहने वाले नवाब (45), फरहान (19) और आतिफ (19) शामिल हैं। दो समुदायों से जुड़े होने के चलते मामले ने तूल पकड़ लिया। यूपी सरकार में मंत्री सुनील कुमार शर्मा सूर्या के परिवार से मिले। उन्होंने कहा- प्रदेश में किसी अपराधी के लिए कोई जगह नहीं।

**एनकाउंटर पर सूर्या की मां ने कहा- असद की लाश की फोटो दिखाओ, तभी मानूंगी कि उसका एनकाउंटर हुआ है। बाकी आरोपियों का भी एनकाउंटर होना चाहिए।**

### कल 10 घंटे चला था हंगामा, डिप्टी सीएम ने कहा था- हत्यारों को बख्शेंगे नहीं

शनिवार को 10 घंटे हंगामा चला था। हिंदू संगठन सड़क पर उतर आए थे। परिजन ने सूर्या का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया था। पुलिस ने देर शाम परिवार को समझाकर अंतिम संस्कार करवाया था।
डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा था- हत्यारों को बख्शा नहीं जाएगा। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी कार्रवाई की मांग की थी। प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर सीएम योगी ने शनिवार देर शाम गाजियाबाद समेत 8 जिलों के अफसरों के साथ बैठक की थी।

**संगीत सोम बोले- पुलिस ने जिहादी मानसिकता को कुचल दिया**

सूर्या हत्याकांड पर पूर्व भाजपा विधायक संगीत सोम ने कहा कि यह हरकत जिहादी मानसिकता से की गई। नाबालिग बच्चे को बुलाकर उससे पूछा गया, "क्या तुमने कभी बकरे को हलाल होते देखा है?"

# फर्जी जमानत कराने वाले गिरोह का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

आजमगढ़। कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर गंभीर अपराधों में निरुद्ध आरोपित की जमानत कराने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य रामचन्द्र यादव उर्फ मैकू यादव उर्फ सत्यम यादव निवासी भरौली थाना जीयनपुर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। गरिफ्तार बदमाश रामचंद्र पर हत्या, लूट, डकैती, चोरी, गैंगस्टर एक्ट समेत कई संगीन मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। एएसपी चिराग जैन ने बताया कि 30 मई 2026 को कचहरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक चंद्र प्रकाश कश्यप ने कोतवाली नगर थाने में तहरीर देकर बताया था कि कुछ तथाकथित वकील और जमानतदार अनुचित आर्थिक लाभ के लिए न्यायिक अभिरक्षा में बंद बदमाशों से सांठगांठ कर फर्जी दस्तावेजों के जरिए उनकी



जमानत करा रहे थे। जांच में सामने आया कि एक ही जमानतदार द्वारा समान दस्तावेजों का प्रयोग कर कई बदमाशों की जमानत कराई गई, जिससे एक संगठित गिरोह के सक्रिय होने की पुष्टि हुई। तहरीर के आधार पर कोतवाली नगर थाने में रामचंद्र यादव उर्फ मैकू यादव और दयाराम के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रामचंद्र यादव उर्फ मैकू यादव उर्फ सत्यम को शनिवार की रात जिला कारागार गोरखपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया। एएसपी ने बताया कि रामचंद्र के खिलाफ आजमगढ़, मऊ, जौनपुर और वाराणसी समेत विभिन्न जनपदों में 25 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों के गिरफ्तारी को दबिश दे रही है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### जनरल सुब्रमणि बन...

नए CDS सुब्रमणि के सामने पहला टास्क सेना में थिएटर कमांड मॉडल को लागू करने को होगा। दरअसल एक दिन पहले सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने थिएटर कमांड व्यवस्था पर बोलते हुए कहा था कि यह प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। इससे जुड़ी पूरी रिपोर्ट रक्षा मंत्री को सौंप दी गई है। इसका अलग-अलग लेवल पर रिव्यू भी चल रहा है।
जनरल द्विवेदी ने उम्मीद जताई कि अगले 2 से 3 साल में यह व्यवस्था जमीनी स्तर पर लागू होती दिखाई दे सकती है, इसके लिए तीनों सेनाओं के प्रमुख हितों का ध्यान रखा जाए।
अभी भारत में तीनों सेनाओं के अलग-अलग कुल 17 कमांड हैं। किसी सैन्य अभियान के दौरान तीनों सेनाएं मिलकर काम तो करती हैं, लेकिन उनकी कमान अलग-अलग रहती है।
थिएटर कमांड व्यवस्था में किसी क्षेत्र या मिशन के लिए एक ही कमांडर होगा। इसके सेना की तीनों यूनिट्स एक साथ काम करेंगी।

### एक्शन : असद का ...

वहीं, खोड़ा पुलिस ने दोपहर में 3 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें असद के पिता नवाब (45), फरहान (19) और आतिफ (19) शामिल हैं। फरहान ने पुलिस को बताया, नवाब ने असद को सूर्या की हत्या के लिए उकसाया था। कहा था- बकरीद पर सूर्या की कहानी खत्म कर दो।

### सूर्या की मां बोलीं- अस...

दो समुदायों से जुड़े होने के चलते मामले ने तूल पकड़ लिया। यूपी सरकार में मंत्री सुनील कुमार शर्मा सूर्या के परिवार से मिले। उन्होंने कहा- सीएम योगी ने परिवार को 5 लाख रुपए देने ऐलान किया है। पैसे मां के अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। परिवार के एक सदस्य को नगरपालिका में नौकरी भी दी जाएगी।

### एनकाउंटर के 12 घंट...

इसके चलते सूर्या के घर के बाहर RRF और पुलिस तैनात कर दी गई। बाजार बंद करा दिया गया। एनकाउंटर के करीब 12 घंटे बाद असद के शव का पोस्टमॉर्टम हुआ। उसके घर पर ताला लगा है। परिवार के लोग घर छोड़कर भाग गए हैं। चाचा आबिद ने लाश रिसीव की। अंतिम संस्कार बुलंदशहर में होगा।

### पूर्णकालिक डीजीपी...

राजीव कृष्णा अकेले आईपीएस अधिकारी हैं जो दो बार लखनऊ पुलिस के एसएसपी रहे। एक दिसंबर 2006 को राजीव कृष्णा लखनऊ के एसएसपी बने और 16 मार्च 2007 तक तैनात रहे।
दूसरी बार उन्हें तब लखनऊ की कमान मिली जब लखनऊ, कानपुर, मेरठ समेत कई बड़े शहरों में डीआईजी व्यवस्था लागू हुई।

### योगी बढ़ते अपराध से...

सूत्रों के मुताबिक, लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलर की दिनदहाड़े हत्या, नोएडा के जेवर में गोपाल शर्मा हत्याकांड, गाजीपुर में होटल कारोबारी की हत्या, वाराणसी में व्यापारी मनीष सिंह की हत्या, जौनपुर में दूल्हे की हत्या, गाजियाबाद में सूर्या चौहान की हत्या, पीलीभीत में स्कूल संचालक की हत्या और बागपत में मैकेनिक की हत्या की घटनाओं से सीएम बेहद नाराज हैं।

### अभिषेक-कल्याण पर...

TMC प्रवक्ता कुनाल घोष ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और सांसद कल्याण बनर्जी पर हुए हमलों के विरोध में 1 जून को राज्यभर में प्रदर्शन होना है। सभी विधायक इसकी तैयारी में व्यस्त थे। जो विधायक नहीं पहुंचे, उन्होंने पहले ही इसकी जानकार दे दी थी।
कुनाल घोष ने बताया कि 2 जून को ममता बनर्जी के नेतृत्व में कोलकाता के एस्प्लेनेड स्थित रानी रश्मोनी रोड पर एक दिन का सांकेतिक धरना आयोजित किया जाएगा। यह धरना चुनाव बाद हिंसा और राज्यभर में बुलडोजर के जरिए किए जा रहे कथित अमानवीय हॉकर्स निष्कासन अभियान के खिलाफ होगा।
20 मई को कोलकाता में विधानसभा परिसर में अंबेडकर प्रतिमा के पास TMC के कुछ विधायकों ने पोस्ट-पोल हिंसा और हॉकर्स हटाने के अभियानों के खिलाफ धरना दिया था। विधानसभा चुनाव हार के बाद यह पार्टी का पहला बड़ा संगठित विरोध प्रदर्शन था, लेकिन इसमें भी केवल 35 विधायक ही पहुंचे थे।

### अंबेडकरनगर में बाइ...

यासीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। सम्मनपुर थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही जांच शुरू कर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।
घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### पीड़ित परिवार के सा...

कृष्ण कुमार यादव ने कहा, "लखनिया गांव की यह हृदयविदारक घटना सिर्फ एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दर्द है। एक मां ने अपना बेटा खोया है, एक घर का चिराग बुझ गया, और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के दुःख में पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है।"

# सुलतानपुर फाउंडेशन का ज्ञानदीप अभियान हुआ पूरा

## 32वां सप्ताह वल्लीपुर गांव में सफलतापूर्वक संपन्न

तमसा संकेत, एजेंसी

सुलतानपुर। सुलतानपुर जनपद के वल्लीपुर गांव स्थित निषाद बस्ती में घर सुलतानपुर फाउंडेशन का ज्ञानदीप अभियान अपने 32वें सप्ताह में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह अभियान पिछले 32 सप्ताहों से लगातार चलाया जा रहा है। इस अवसर पर नितिन मिश्रा, सचिन सिंह और विनायक मिश्रा ने शिक्षकों के रूप में बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाया। उन्होंने सरल और प्रेरणादायक तरीके से बच्चों को शिक्षा के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उनकी कक्षा के अनुसार हिंदी, अंग्रेजी और गणित विषयों का अध्ययन कराया गया। इसके अतिरिक्त, उन्हें नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारियों के बारे में भी



जानकारी दी गई, जिसका उद्देश्य उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आगामी सप्ताह में बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। इस दौरान बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की गई, और ज्ञानेंद्र सिंह 'ईशु' ने सभी बच्चों को नोटबुक प्रदान कीं।घर सुलतानपुर फाउंडेशन का यह अभियान ग्रामीण और वंचित वर्ग के बच्चों तक शिक्षा पहुँचाने तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## पूरे सिस्टम से लड़ी, वापसी करूंगी, बैन के बाद सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल की मंजूरी दी थी

# विनेश फोगाट एशियन गेम्स ट्रायल में हारीं



**हार**

**पानीपत।** ओलिंपियन रेसलर विनेश फोगाट शनिवार को एशियन गेम्स ट्रायल का सेमीफाइनल मैच हार गईं। 53 किलो कैटेगरी में लगातार दो बाउट जीतने के बाद उन्हें जींद की मीनाक्षी गोयत ने हराया। विनेश अब एशियन गेम्स में हिस्सा नहीं ले पाएंगी। हार के बाद विनेश ने कहा- मैं पूरे सिस्टम के खिलाफ लड़ रही थी। एक तरफ मैं थी और दूसरी तरफ सभी लोग थे। मैं फिर वापसी करूंगी। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (WFI) ने एंटी-डोपिंग नियमों का हवाला देते हुए फोगाट को 26 जून 2026 तक घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर बैन लगा दिया था। विनेश ने इसके खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी, डिवीजन बेंच ने विनेश के



पक्ष में फैसला सुनाया था। WFI ने फोगाट का ट्रायल रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- विनेश शानदार रेसलर हैं, उन्होंने देश को गर्व महसूस कराया। विनेश को एशियन गेम्स 2026 के चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दी जाती है। मीनाक्षी से पहले विनेश का मुकाबला नीशू से हुआ। शुरूआत में नीशू ने विनेश को पटखनी देकर पांच पॉइंट हासिल किए। इसके बाद विनेश ने चार पॉइंट बटोरे। इस दौरान रेफरी से विनेश और उनके पति सोमबीर राठी की कहासुनी हो गई।

### विनेश के ट्रायल का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा

विनेश फोगाट को एशियन गेम्स 2026 के ट्रायल में शामिल करने को लेकर विवाद हुआ था। कुश्ती से दूरी बनाए रखने के कारण WFI ने अपनी चयन नीति का हवाला देते हुए विनेश को ट्रायल में खेलने की अनुमति नहीं दी, जिसके बाद विनेश ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने कहा कि मां बनने के कारण किसी खिलाड़ी को अवसर देने से इनकार नहीं किया जा सकता और उन्हें ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दे दी। WFI इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। 29 मई को सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

- विनेश फोगाट को पटखनी देतीं नीशू। हालांकि, विनेश ने वापसी करते हुए मुकाबला 7-6 से जीत लिया।
- ज्योति सिहाग से हुए पहले मुकाबले की शुरुआत से ही विनेश आक्रामक नजर आईं।
- 53 किलो वेट कैटेगरी में विनेश फोगाट को विनर घोषित करते रेफरी।
- ट्रायल में विनेश (लाल रेसलिंग पोशाक में) जींद की मीनाक्षी गोयत से हारीं।

### विनेश बोलीं- मै फेल नहीं हुई

विनेश हार के बाद भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा- हार को अपनी असफलता नहीं मानती। मैं फेल नहीं हुई हूं। मैं फिर वापसी करूंगी। मेरा संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है और भविष्य में फिर से खुद को साबित करने के लिए मैट पर लौटूंगी।

विनेश फोगाट को पहले केवल 50 किलोग्राम वर्ग में खेलने को कहा गया, जिस पर उन्होंने विरोध जताया। विवाद के बाद WFI अध्यक्ष संजय सिंह के हस्तक्षेप से उन्हें 53 किलोग्राम वर्ग के ट्रायल में भी उतरने की अनुमति मिली।

ट्रायल से पहले विनेश फोगाट ने कहा कि वजन-माप के लिए उन्हें करीब एक घंटे इंतजार कराया गया। उन्होंने कहा कि यहां किसी पर अब भरोसा नहीं है। आपत्ति के बाद मैच थोड़ी देर के लिए रोका गया। WFI के अध्यक्ष संजय सिंह भी मैट पर पहुंच गए।

# नॉर्वे चेस में गुकेश की वापसी, प्रज्ञानानंद को हराया

## कार्लसन हारे, दिव्या देशमुख विमेंस कैटेगरी में नंबर-1 पर आईं

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड चैंपियन डी. गुकेश ने नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में वापसी की। उन्होंने 5वें राउंड में अपने हमवतन आर. प्रज्ञानानंद को क्लासिकल मुकाबले में हराया। वे टाइटल की रेस में बने हुए हैं। एक दिन पहले 20वां जन्मदिन मनाने वाले गुकेश ने पूरे तीन अंक हासिल किए और 6.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए। रागोजिन डिफेंस से शुरू हुआ यह मुकाबला काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। दोनों खिलाड़ियों के पास जीत के अवसर थे, लेकिन समय के दबाव में प्रज्ञानानंद की एक गलती निर्णायक साबित हुई। गुकेश ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए चेकमेट के जरिए मुकाबला अपने नाम कर लिया।




- मैच में प्रज्ञानानंद (बाएं) की एक गलती निर्णायक साबित हुई।
- दिव्या देशमुख ने चीन की झू जिनर को 84 चालों में हराया।

दूसरी ओर मौजूदा चैंपियन मैग्नस कार्लसन को अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो से हार का सामना करना पड़ा। पांच दौर के बाद कार्लसन 4.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं, जबकि अलीरेजा फिरूजा 10 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। महिला वर्ग में भारत की दिव्या देशमुख ने चीन की झू जिनर को 84 चालों तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर पहली बार एकल बढ़त हासिल की। दिव्या अब 8.5 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। भारत की कोनेरू हम्पी ने भी महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन को हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से नॉर्वे चेस में भारत की चुनौती और मजबूत हो गई है।

# धोनी 3 करोड़ की कार से पहुंचे मसूरी

## बेटी का समर कैंप में एडमिशन कराया, फैंस के साथ फोटो खिंचवाई, हाथ मिलाया

**मसूरी।** महेंद्र सिंह धोनी 3 करोड़ की लैंड रोवर डिफेंडर के साथ मसूरी में घूमते दिखे। जैसे ही फैंस को इसका पता चला तो वे भी स्टार क्रिकेटर से मिलने पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक, धोनी अपनी बेटी जीवा सिंह धोनी का समर कैंप के लिए एक बोर्डिंग स्कूल में एडमिशन कराने आए थे। धोनी शनिवार को देहरादून से मसूरी के लिए रवाना हुए। देर शाम लालटिब्बा क्षेत्र स्थित एक होटल पहुंचे। यहां फैंस ने धोनी को घेर लिया। मोबाइल से उनकी तस्वीरें खींचने लगे। वीडियो बनाने लगे। कुछ लोगों को लगा कि रोहित शर्मा आए हुए हैं। वे जोर-जोर से 'रोहित शर्मा, रोहित शर्मा…' चिल्लाने लगे। यह सुनकर धोनी हंस पड़े। समर कैंप जाते समय उन्होंने फैंस से हाथ भी मिलाया। इसके बाद वहां मौजूद





एक बच्चे ने जब धोनी-धोनी कहा तो उन्होंने पीछे मुड़कर देखा और मुस्कुराने लगे। धोनी का मसूरी की सड़कों पर घूमते हुए एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वे लोगों से मसूरी के बारे में जानकारी लेते और ऑटोग्राफ देते हुए दिख रहे हैं। इससे पहले धोनी 11 मार्च 2025 को मसूरी घूमने आए थे। धोनी 15 नवंबर 2023 को पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के साथ अल्मोड़ा की जैंती तहसील स्थित अपने पैतृक गांव ल्वाली गए थे। धोनी साल 2003 में अपने जनेऊ संस्कार के समय आखिरी बार गांव आए थे। धोनी के गांव पहुंचते ही ग्रामीण काफी खुश हुए थे। क्रिकेटर ने उनके साथ फोटो खिंचवाई।

### 3 साल पहले जब 20 साल बाद अपने पैतृक गांव पहुंचे धोनी

धोनी 15 नवंबर 2023 को पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के साथ अल्मोड़ा की जैंती तहसील स्थित अपने पैतृक गांव ल्वाली गए थे। धोनी साल 2003 में अपने जनेऊ संस्कार के समय आखिरी बार गांव आए थे। धोनी के गांव पहुंचते ही ग्रामीण काफी खुश हुए थे। क्रिकेटर ने उनके साथ फोटो खिंचवाई। तब धोनी अपने दोस्तों के साथ गांव पहुंचे थे। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।



धोनी वीडियो कॉल पर किसी से बात करते दिखाई दिए थे।

## मनोरंजन

# फिल्म 'काला हिरण' का पोस्टर जारी

## सलमान खान-लॉरेंस विवाद और काला हिरण शिकार मामले पर आधारित कहानी दिखेगी




**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान से जुड़ा काला हिरण शिकार मामले पर आधारित अपकमिंग फिल्म काला हिरण का पोस्टर शुक्रवार को जारी किया गया। फिल्म का फर्स्ट लुक और टीजर 20 जून को जारी किया जाएगा। फिल्म में सलमान खान और गैंगस्टर लॉरेंस के बीच के विवाद को दिखाया जाएगा। हालांकि, यह जानकारी सामने नहीं आई है कि इसमें कौन लीड रोल में है। वहीं, इसके पोस्टर में जो एक्टर दिखा है, वह जाना-पहचाना नहीं है। फिल्म को लेकर IANS से बात करते हुए फिल्म के प्रोड्यूसर अमित जानी ने कहा, '1998 में जोधपुर के कांकाणी गांव में सलमान खान पर काला हिरण के शिकार का आरोप लगा था। उस मामले से जुड़े कोर्टरूम ड्रामा, क्राइम, थ्रिलर और लॉरेंस व सलमान खान के बीच की दुश्मनी को फिल्मी रूप में पेश किया गया है। फिल्म की शूटिंग संभल, मुरादाबाद और उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में हुई है।' उन्होंने आगे कहा, 'उस समय हुए कथित काला हिरण शिकार, सलमान खान की गिरफ्तारी और सजा से जुड़े घटनाक्रम को फिल्म में दिखाया गया है।

इस फिल्म के पोस्टर का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। लोग सलमान खान, लॉरेंस और काला हिरण शिकार मामले पर आधारित एक सिनेमाई कहानी का इंतजार कर रहे थे। 20 जून को हम फिल्म का फर्स्ट लुक और टीजर जारी करेंगे।'

# तान्या मित्तल को अमीर पति नहीं चाहिए

## बोलीं- मेरा पार्टनर रोज मुझसे 10-15 लाख रुपए मांगे और मैं दे सकूं



**मुंबई।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और पूर्व बिग बॉस कंटेस्टेंट तान्या मित्तल एक बार फिर अपने बेबाक बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में उन्होंने रिश्तों, आर्थिक स्वतंत्रता और महिलाओं की आत्मनिर्भरता को लेकर खुलकर अपनी राय रखी। तान्या ने कहा कि वह किसी अमीर जीवनसाथी की तलाश में नहीं हैं, प्रमोशनल इवेंट के दौरान जब तान्या से कुशल तंवर के बारे में सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि किसी प्रतियोगिता में जीत हासिल करने के लिए दूसरे प्रतिभागियों का खाना खराब करना या उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करना उचित नहीं है।



### "हर दिन 10-15 लाख रुपये मांग सके मेरा पार्टनर"

अपने विचारों को विस्तार से रखते हुए तान्या ने कहा कि उनकी इच्छा है कि वह इतनी आर्थिक रूप से सक्षम बनें कि उनका पार्टनर यदि रोज सुबह उठकर उनसे 10 से 15 लाख रुपये भी मांगे, तो वह बिना किसी परेशानी के उसे यह राशि दे सकें।

"अपने बयानों के अलावा तान्या अपने आगामी रियलिटी शो को लेकर भी चर्चा में हैं। वह जल्द ही कॉमेडी और कुकिंग आधारित रियलिटी शो मां है ना में दिखाई देंगी। इस शो में उनकी जोड़ी उनकी मां सुनीता मित्तल के साथ नजर आएगी। शो के प्रमोशनल कार्यक्रमों के दौरान तान्या और कुशल तंवर के बीच हुई हल्की-फुल्की नोकझोंक भी काफी चर्चा में रही।

### आर्थिक मजबूती को बताया रिश्ते की असली ताकत

एक इंटरव्यू के दौरान तान्या मित्तल ने कहा कि वह जिस व्यक्ति से प्यार करती हैं, उसके लिए अपना सब कुछ देने को तैयार रहती हैं। उन्होंने बताया कि वह अपने जीवन में पहले भी ऐसा कर चुकी हैं और भविष्य में भी ऐसा करने से पीछे नहीं हटेंगी। तान्या ने कहा कि उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि उनका होने वाला पति आर्थिक रूप से कितना संपन्न है। उनके अनुसार, यदि उनके जीवनसाथी के पास धन-दौलत न भी हो, तब भी वह उसे उसी सम्मान और प्रेम के साथ स्वीकार करेंगी। उनका मानना है कि रिश्ते पैसों से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, समझ और सहयोग से मजबूत बनते हैं।

# एक्टर अजित कुमार की मां का निधन

## सीएम विजय और तृषा कृष्णन ने घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

- तृषा ने भी अजित को गले लगाया और इस कठिन समय में उन्हें ढांढस बंधाया।



**मुंबई।** तमिलनाडु के चेन्नई में एक्टर अजित कुमार की मां मोहिनी मणि का शनिवार को निधन हो गया। वह 85 साल की थीं और उम्र संबंधी बीमारियों व स्वास्थ्य जटिलताओं से जूझ रही थीं। मोहिनी का अंतिम संस्कार रविवार सुबह चेन्नई के बेसंत नगर श्मशान घाट में संपन्न हुआ। उनका पार्थिव शरीर इंजामबक्कम स्थित आवास से बेसंत नगर श्मशान घाट लाया गया। अजित ने मां के पार्थिव शरीर को अपने कंधे पर उठाकर श्मशान घाट तक पहुंचाया। न्यूज 18 की रिपोर्ट के अनुसार, अंतिम संस्कार की रस्में अजित कुमार के भाई अनिल कुमार द्वारा संपन्न कराई गईं। मां के निधन की सूचना मिलने के बाद अजित चेन्नई पहुंचे। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई सेलेब्स ने अजित और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। शनिवार शाम तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय और एक्ट्रेस तृषा कृष्णन अजित के घर पहुंचे। दोनों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। एक्टर सरथकुमार, नासिर, डायरेक्टर शंकर, ए.एल. विजय, शिवा सहित कई फिल्मी हस्तियां भी श्रद्धांजलि देने पहुंचीं।

# 'मुझे नहीं लगता कि वो सुसाइड था'

## एक्टर शिशिर शर्मा बोले- सुशांत सिंह राजपूत ऐसे इंसान नहीं थे जो आत्महत्या जैसा कदम उठाएं

**मुंबई।** फिल्म 'छिछोरे' में सुशांत सिंह राजपूत के साथ काम कर चुके एक्टर शिशिर शर्मा ने उनकी मौत को लेकर कहा कि उन्हें कभी विश्वास नहीं हुआ कि सुशांत सुसाइड कर सकते हैं। शिशिर शर्मा ने बताया कि जब नितेश तिवारी ने उन्हें 'छिछोरे' में कास्ट किया और बताया कि सुशांत भी फिल्म का हिस्सा होंगे, तो वह काफी एक्साइटेड हो गए थे। के दौरान दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया और पुराने दिनों को याद किया।

"सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में शिशिर शर्मा ने बताया कि उनकी और सुशांत की पहचान टीवी के दिनों से थी। जब वह 'यहां मैं घर घर खेली' में काम कर रहे थे और सुशांत 'पवित्र रिश्ता' में थे, तब दोनों पास में शूटिंग करते थे और लंच ब्रेक में साथ खाना खाते थे।





### सुशांत की मौत की खबर से लगा था झटका

शिशिर शर्मा ने कहा कि 14 जून 2020 को सुशांत की मौत की खबर मिलने के बाद उन्हें गहरा सदमा लगा था। उन्होंने बताया, जब मुझे सुशांत के बारे में शाम को 4 बजे मैसेज आया, मैं अपने आंसू नहीं रोक पाया। बहुत मुश्किल था। एकदम से अंदर से टक्का-सा लगा... कैसे, क्यों, इतना बेहतरीन एक्टर, इतना सुलझा हुआ आदमी ऐसा क्यों करेगा?

